# बिहार विधान सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

## 21 मार्च, 2025

----

**[ऊर्जा - आपदा प्रबंधन - स्वास्थ्य - पर्यटन - योजना एवं विकास - विधि - संसदीय कार्य ].**

**कुल तारांकित प्रश्न 203**

----

**भवन निर्माण कराना।**

*1772 **जनक सिंह** (116) (**तरैया** )ः

**स्वास्थ्य** :-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत तरैया विधान सभा क्षेत्र के तरैया प्रखंड का अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उसरी चांदपुरा के भवन का निर्माण नही हो पा रहा है ;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य के भवन के निर्माण हेतु संवेदक द्वारा एकारनामा कर लिया गया है लेकिन भूमि उपलब्ध् नहीं होने के कारण भवन निर्माण नही हो रहा है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

**भवन पुनर्निर्माण कराना।**

***1773 राजेश कुमार सिंह** (137) (**मोहिउद्दीननगर** ):

**आपदा प्रबंधन** क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि: क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के प्रखण्ड मोहनपुर के ग्राम राजपुर जौनापुर में 05 अतिपिछड़ा एवं दलित परिवार का पक्का घर जो बख्तियारपुर-ताजपुर फोर लेन पुल -सह-सड़क के किनारे उनके निजी भूमि में बना हुआ था, वर्ष 2024 में आयी गंगा नदी के भीषण बाढ़ में पानी के अत्यधिक दबाव के कारण फोर लेन टूट जाने के फलस्वरूप तेज बहाव में पूर्णतः बह गया तथा वहॉ 10-15 फीट गहरा गढ़ढ़ा बन गया है, तथा उनके द्वारा अंचलाधिकारी मोहनपुर को इस आशय का आवेदन देने के पश्चात उनके मकान का पुनर्निर्माण का सरकार की ओर से किसी तरह का प्रावधान नहीं रहने की बात कही जा रही है, तथा पाँचों परिवार खुले आकाश के नीचे जीवनबसर करने को मजबूर है, ऐसी परिस्थिति में क्या सरकार इन पाँचों परिवार के भवन का पुनर्निर्माण का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई करना।

***1774 अजीत कुमार सिंह** (201) (**डुमरांव** ):

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के मेसर्स डुमराँव टेक्सटाइल लिमिटेड (सुता मिल) पर साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड का रूपये 2,65,13,742/- का बिजली बिल बकाया है जिसकी वसूली के लिए सभी निदेशकों पर नीलामवाद केस संख्या 24/ 2014-15 दर्ज होने के बावजूद अभी तक बकाया राशि की वसूली नहीं की गयी है ना ही निदेशकों का बिजली कनेक्शन ही काटा गया है;

2. क्या यह बात सही है कि बक्सर जिले के रामपुर गाँव सहित अन्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में पांच हजार रुपये से ज्यादा बकाये बिजली बिल ना चूका पाने वाले आम उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे गए हैं

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक आम जनता के पुराने बिजली बिल को माफ़ करने, बिजली बिल के त्वरित वसूली हेतु कार्रवाई ना करने वाले जिला नीलामवाद अधिकारी, बक्सर पर कार्रवाई करने का विचार रखती है; नहीं तो क्यों ?

----

## पी० एच० सी० के चाहरदिवारी का निर्माण।

***1775 अजय कुमार सिंह** (166) (**जमालपुर, मुंगेर** ):

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1.क्या यह बात

सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत जमालपुर नगरपरिषद् में एक नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (U.P. H.C .) है, जिसकी सुरक्षा के लिए अबतक चाहरदिवारी का निर्माण नहीं किया गया है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक जनहित में उक्त U.P. H.C . को सुरक्षित रखने के लिए चाहरदिवारी बनाने का विचार रखती है; नहीं, तो क्यों ?

----

## रेडियोलॉजिस्ट का पदस्थापन।

*1776 **राजेश कुमार** (222) (**कुटुम्बा** ):

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि: क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के सदर अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के पदस्थापन हेतु मेरे द्वारा विभाग को पत्रांकः-740 दिनांकः-24/08/2024 द्वारा अनुरोध के बावजूद अब तक रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना नहीं हुई है, यदि हाँ तो सरकार कब तक औरंगाबाद जिला के सदर अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापन कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## नियुक्ति करना।

*1777 **शिव प्रकाश रंजन** (195) (**अगिआंव** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड-अगिआंव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों और चिकित्साकर्मियों का घोर अभाव है एवं मात्र 3 डॉक्टर हैं जिसमें से एक डॉक्टर को सदर अस्पताल, आरा में पदस्थापित कर दिया गया है, साथ ही कम्पाउडर, ड्रेसर और लैब टेकनीशियन पद भी खाली है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध नहीं है जिससे मरीजों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अगिआंव में अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध कराने एवं मानक के अनुसार डॉक्टरों, चिकित्साकर्मियों की नियुक्ति का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## जर्जर तार बदलना।

*1778 **अखतरूल ईमान** (56) (**अमौर**):

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला अंतर्गत बैसा प्रखण्ड के मघेल गांव मे बिजली के तारों की जर्जर स्थिति के कारण पूरे गांव के उपभोक्ताओं को निर्वाध् विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही है, यदि हाँ तो सरकार कब तक जर्जर तारों को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## विशेषज्ञ चिकत्सको की कमी के संबंध में।

*1779 **अमरेन्द्र प्रताप सिंह** (194) (**आरा**)**:**

**स्वास्थ्य :-**

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक- 15.12.2025 को प्रकाशित शीर्षक 'ह्रदय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में चिकित्सकों के 47 प्रतिशत पद रिक्त' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि राज्य में ह्रदय का एक मात्र सुपर स्पेशयिलिटी अस्पताल आईजीआईसी, पटना में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण सर्जरी कराने वाले मरीजों को एक से छः माह तक के बाद का समय दिया जाता है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में दवाईयां उपलब्धतता के बावजूद ओपीडी मरीजों को निःशुल्क दवाईयां नहीं दी जाती है;

3. क्या यह बात सही है कि एंजियोंग्राफी एवं सिटी स्कैन मशीनों में छोटी सी खराबी ससमय ठीक नहीं कराने से गरीब मरीजों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है;

4. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति , ओपीडी मरीजों को निःशुल्क दवाईयां तथा एंजियोग्राफी एवं सिटी स्कैन मशीनों को ससमय ठीक करवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## भवन निर्माण करवाना।

*1780 **मनोज कुमार यादव** (16) (**कल्याणपुर**)**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत कल्याणपुर विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड कोटवा के अहिरौलिया पंचायत में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अहिरौलिया पहले से स्वीकृत है किन्तु भवन के अभाव में स्वास्थ्य सेवाएँ की सुविधा से पंचायत वासी अभी तक वंचित है, जबकि पंचायत अन्तर्गत सार्वजनिक रूप में गैर मजरूआ भूमि उपलब्ध है; यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त वर्णित स्वीकृत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य

का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नही तो क्यों?

----

**अस्पताल बनाना।**

*1781 **अनिल कुमार (24) (बथनाहा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि बथनाहा विधानसभा क्षेत्र के मेजरगंज प्रखंड स्थित रेफरल अस्पताल भवन की स्थिति अत्यंत जर्जर है, यदि हाँ तो सरकार कब तक नए रेफरल अस्पताल बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

**प्रोन्नति करना।**

*1782 **सी०एन० गुप्ता (118) (छपरा ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि बिहार के पटना स्थित इंदिरा गाँधी आर्युविज्ञान संस्थान जो एम्स के दर्ज पर वैज्ञानिकों की भर्ती करता है, किन्तु प्रमोशन की कोई नियमावली नहीं होने के कारण उक्त संस्थान में वैज्ञानिकों की प्रोन्नति नहीं हो रही है, यदि हॉ तो सरकार उक्त संस्थान में प्रोन्नति की नियमवाली बनाकर कब तक वैज्ञानिक को प्रोन्नति देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

**सहायता राशि देना।**

*1783 **रामानुज प्रसाद (122) (सोनपुर ):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री ,आपदा प्रबंध्न विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड के जहांगीरपुर पंचायतान्तर्गत जहांगीरपुर ग्राम निवासी नन्द प्रसाद यादव, पिता-स्व. जयधरी राय की दिनांक 16.05.2021 को मंडल रेल अस्पताल, सोनपुर में कोरोना से मृत्यु हो गई थी, परंतु चार वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक उनके परिजन को सहायता राशि नहीं मिल पाया है, यदि हां तो सरकार कब तक मृतक के परिजनों को सहायता राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर व्यवस्था करना।

*1784 **मुकेश कुमार यादव** (27) (बाजपट्टी):

**स्वास्थ्य :-**

स्थानीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 17 दिसम्बर 2024 को प्रकाशित शीर्षक '' बिना पानी - बिजली के चल रहे हजारों स्वास्थ्य उपकेन्द्र'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के 5304 स्वास्थ्य उपकेन्द्रों में पानी, 4536 स्वास्थ्य उपकेन्द्रों में टॉयलेट की सुविधा एवं 2877 स्वास्थ्य उपकेन्द्रों में बिजली कनेक्शन की सुविधा नहीं है, जिसके कारण मरीजों एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के कर्मियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है यदि हॉं तो सरकार कबतक स्वास्थ्य उपकेन्द्रों में पानी, टॉयलेट एवं बिजली की समस्या को दूर करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को स्थानांतरित करना

*1785 **श्रेयसी सिंह** (241) (जमुई ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि जमुई अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जमुई पिछले 30 वर्षो से भी अधिक समय से जमुई सदर अस्पताल परिसर में संचालित हो रहा है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त केंद्र सदर अस्पताल परिसर में संचालित होने के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जमुई में एक भी ओपीडी या इमरजेंसी के मरीज नहीं जाते हैं;

3. यदि उपर्युक्त खण्ड के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जमुई सदर अस्पताल परिसर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अन्यत्र स्थानांतरित करना चाहती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## डिलीवरी की सुविधा देना।

*1786 **कुमार सर्वजीत** (229) (बोधगया ):

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत फतेहपुर प्रखंड के जयपुर पंचायत के ग्राम गम्हरी में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है लेकिन यहां गर्वभती महिलाओं के डिलीवरी की व्यवस्था नहीं है जिसके कारण प्रसव पीड़िता को लंबी दूरी तय कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फतेहपुर जाना पड़ता है; यदि हाँ तो सरकार कब तक गम्हरी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गम्हरी में डिलीवरी की सुविधा प्रारंभ करने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## इमरजेन्सी सुविधा की व्यवस्था।

*1787 **नारायण प्रसाद** (06) (**नौतन**):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि-

1.क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बेतिया के आपातकालीन मरीजों को पहुंचने पर मुख्य गेट से इमरजेन्सी वार्ड तक पहुंचाने के लिए भी स्ट्रेचर एवं आउट सौर्सिंग से स्टाफ की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है;

2.क्या यह बात सही है कि आपातकालीन मुख्य गेट से वार्ड तक पहुंचने के लिए एक भी स्ट्रेचर या स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित नही रहते है जिसके कारण मरीज के परिजनों को हाथ व कंधा के सहारे इमरजेन्सी वार्ड तक मरीज को पहुंचाना पड़ता है यदि हाँ तो सरकार मरीजों के लिए इमरजेन्सी की सभी सुविधाओं का ख्याल रखते हुए बेहतर प्रबंधन की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नही तो क्यो ?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कराना।

*1788 **गोपाल रविदास** (188) (**फुलवारी** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारीशरीफ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूपान्तरित होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बदल गई हैं;

2. क्या यह बात सही हैं कि फुलवारीशरीफ प्रखंड में जनसंख्या घनत्व अधिक होने के बावजूद प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एक भी नहीं हैं ;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार ग्राम गंजपर-पलंगा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कराने का विचार रखती हैं, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## इमरजेंसी सेवा उपलब्ध कराने

*1789 **रामवृक्ष सदा** (148) (**अलौली**):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि,

1. क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के अलौली विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत अलौली

प्रखण्ड के अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र मेघौना अवस्थित है;
2. क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में 24 घंटा इमरजेंसी सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण घायल मरीजों को इलाज कराने में असुविधा होती है?
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में 24 घंटा इमरजेंसी सेवा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

**भवन बनाना।**

*1790 **निरंजन कुमार मेहता** (71) (**बिहारीगंज**):

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के बिहारीगंज विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्वालपारा प्रखंड के पीरनगर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेन्द्र संचालित है, परन्तु स्वास्थ्य उपकेन्द्र का अपना भवन नहीं रहने के कारण मरीजों को काफी असुविधा होती है, जबकि उक्त पंचायत में बिहार सरकार की खाता नं-183 खेसरा नं0-2012 ( 1एकड़ 2 डिसमल) की जमीन उपलब्ध है, यदि हां तो सरकार उक्त जमीन पर स्वास्थ्य उपकेन्द्र का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

**मानदेय निर्धारित करना।**

*1791 **अली अशरफ सिद्दिकी** (158) (**नाथनगर**):

**स्वास्थ्य** :-
क्या मंत्री,स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:

1. क्या यह बात सही है कि एन0एच0एम0 के तहत बिहार में 2005 से वैक्सीन कूरियर सेवा (AVD) कार्यरत हैं जिनसे सप्ताह में दो दिन कार्य लेकर उन्हें प्रतिदिन 90 रूपये मानदेय दिया जाता है,

2. क्या यह बात सही है कि वैक्सीन कूरियर को देय मानदेय न्यूनतम मजदूरी से भी बहुत कम है जिसके कारण इनके भरण पोषण में कठिनाई होती है,

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार वैक्सीन कूरियर को देय मानदेय को न्यूनतम मजदूरी के आधार पर निर्धारित करने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

**पदस्थापन कराना।**

*1792 **राम सिंह** (4) (**बगहा**):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः -

1. क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण के बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में कुल 31 चिकित्सकों का पद सृजित है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में 31 चिकित्सको के स्थान पर मात्र 13 चिकित्सक कार्यरत है;

3. क्या यह बात सही है कि चिकित्सकों के अभाव में मरीजों को उपचार कराने में परेशानी होती है एवं बहुतायत मरीज इलाज हेतु पड़ोसी जिला गोरखपुर जाने के लिए विवश हो जाते हैं;

4. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार अनुमंडलीय अस्पताल में रिक्त स्थानों पर चिकित्सकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नही तो क्यों ?

----

## मुआवजा राशि का भुगतान।

*1793 **राहुल तिवारी** (198) (**शाहपुर** )ः

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या यह बात सही है कि निर्मल भगत, पिता- दुलार चन्द्र भगत, ग्राम- करजा, थाना- बहोरन पुर, प्रखण्ड शाहपुर जिला भोजपुर की दिनांक-21.09.2024 को बाढ़ के पानी में डूबने से मृत्यु हो चुकी है लेकिन अभी तक मृतक के आश्रित परिवार को कोई सरकारी सहायता राशि नही दी गई है; यदि हाँ तो सरकार मृतक के आश्रित परिवार को कबतक सरकारी मुआवजा राशि दिलाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पदस्थापना कराना ।

*1794 **युसुफ सलाहउद्दीन** (76) (**सिमरी बख्तियारपुर**)ः

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल स्थित अनुमंडलीय अस्पताल, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महखड़, में स्वीकृत पद के विरूद्ध चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मीयों की काफी कमी है, यदि हॅा तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मीयों के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## भवन निर्माण कराना।

***1795 ऋषि कुमार** (220) (**ओबरा** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

1- क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखंड के चौरी पंचायत के ग्राम चौरी में अतरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन जीर्णशीर्ण है जिसके कारण चिकित्सक, चिकित्साकर्मी सहित रोगियों को असुविधा होती है ;

2-यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण कराकर समुचित व्यवस्था के साथ चालू कराने का विचार रखती है , नही ,तो क्यों ?

----

## पठन-पाठन प्रारंभ करना।

***1796 राणा रणधीर** (18) (**मधुबन**):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पकड़ीदयाल के पकड़ीदयाल नगर पंचायत में ए0एन0एम0 ट्रेनिंग कॉलेज का भवन 3 वर्ष पहले बनकर तैयार है, परन्तु अभी तक कॉलेज में पठन-पाठन शुरू नहीं किया गया है; यदि हाँ तो सरकार ए0एन0एम0 ट्रेनिंग कॉलेज का उदघाटन क पठन-पाठन प्रारंभ करना चाहती है, नही तो क्यो?

----

## कार्रवाई करना।

***1797 रश्मि वर्मा** (3) (**नरकटियागंज**):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि प. चंपारण जिला सहित राज्य के सभी जिला में सरकार द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सर्वजन दवा सेवन एम0डी0ए0 हेतु स्वास्थ्य कर्मी को घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने के साथ दवा देने का दायित्व है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त योजना से नरकटियागंज के स्थानीय स्वास्थ्य कर्मी द्वारा कागजी खाना पूर्ति कर नरकटियागंज के आमजनो का योजना के लाभ से वंचित रखा गया है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार जनहित में फाइलेरिया

उन्मूलन कार्यक्रम के लाभ से नरकटियागंज की जनता को वंचित रखने वाले स्वास्थ्य कर्मी पर कार्रवाई करते हुए उक्त योजना का लाभ नरकटियागंज के आमजन तक पहुंचाने को विचार रखती है, यदि हां, तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## बिजली का तार हटाना।

*1798 **रेखा देवी** (189) (**मसौढ़ी** )**:**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री ऊर्जा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत चरमा के ग्राम दुधीचक में दलित परिवार के छत से होकर 11000 वोल्ट बिजली तार पार किया है, जबकि नियमानुसार घर के छत के उपर से 11000 वोल्ट की बिजली तार लगने का प्रावधान नहीं है तथा ऐसी स्थिति में कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है ;

2. यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त दलित परिवार के छत के उपर से बिजली का तार हटाने पर विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## कारवाई करना

*1799 **मिश्री लाल यादव** (81) (**अलीनगर**)**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्राी, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के घनश्यामपुर प्रखण्ड प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घनश्ययामपुर में डाक्टरों एवं हेल्थ मनेजर के मिली भगत से रोगी के लिए आवंटित नास्ता, भोजन नही दिया जाता है;

2. क्या यह बात सही है कि प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र घनश्यामपुर में वेड सीट, फर्श, लेबर रूम चिकित्सा कक्ष, मछंड़दानी प्रायः काफी गंदा रहता है;

3. यदि उपर्यक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है कि तो सरकार उक्त अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी एवं हेल्थ मनेजर के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नही तो क्यों ?

----

## अधिग्रहण करना।

*1800 **रामप्रीत पासवान** (37) (**राजनगर**)**:**

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे की

1. क्या यह बात सही है की मधुबनी जिला के राजनगर प्रखंड में दरभंगा महाराज द्वारा अनेकों मंदिर का निर्माण कराया गया था जो लोगों की धार्मिक भावनाओं का केंद्र हैं
2. क्या यह बात सही है कि वर्त्तमान में सभी मंदिर खण्डहर में तब्दील हो रहा हैं
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त मंदिरों को अधिग्रहण कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती हैं हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## व्यवस्था करना।

***1801 अरूणा देवी (239) (वारसलीगंज ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलींगज में तीन महीना पहले सी0एच0सी0 के आधुनिक भवन का उद्घाटन हुआ है;

2. क्या यह बात सही है कि उपरोक्त सी0एच.सी0 में अल्ट्रासाउड तथा ई0सी0जी0 की व्यवस्था नहीं की गई है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त सी0एच0सी0 में कबतक अल्ट्रासाउड एवं ई0सी0जी0 की व्यवस्था करने का विचार रखती है नहीं तो क्यों?

----

## डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति

***1802 राजेश कुमार सिंह (104) (हथुआ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत उचकागांव प्रखंड में स्थापित स्वास्थ्य उपकेन्द्र में आपातकालिन सेवा की सुविधा नहीं है;

2. क्या यह बात सही है कि करीब 65000 की आबादी वाले नगर परिषद क्षेत्र में एक उपकेन्द्र होने से शहरवासियों एवं आमजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उतर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्णित उपकेन्द्र को स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित कर आपातकालीन सेवा शुरू करने एवं 24 घंटा डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## अधिसूचित करना।

***1803 अशोक कुमार चौधरी** (92) (**सकरा**)**:**

**योजना एवं विकास :-**

क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि योजना एवं विकास विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणधीन बिहार सांख्यिकी सेवा तथा बिहार योजना सेवा के भर्ती एवं प्रोन्नति में एकरूपता लाने हेतु बिहार सांख्यिकी सेवा संवर्ग नियमावली 2009 के प्रावधानों को संशोधित कर सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी के 50 प्रतिशत पदों पर सीधी भर्ती से कराने संबंधी प्रस्ताव पर तत्कालीन अपर मुख्य सचिव के अनुमोदनोपरांत बिहार सांख्यिकी सेवा संशोधन नियमावली बनाने की कार्रवाई विगत 2 वर्षो से प्रक्रियाधीन है यदि हाँ तो सरकार बिहार सांख्यिकी सेवा संशोधन नियमावली बनाकर उसे शीघ्र अधिसूचित करने का विचार रखती है, नही तो क्यों?

----

## स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान कराना।

***1804 निरंजन राय** (88) (**गायघाट**)**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर, दरभंगा एन.एच. 57 सड़क पर रोजाना हजारों बड़ी एवं छोटी गाड़ियों का परिचालन होने से आकस्मिक दुर्घटनाएं होती रहती है, परंतु वर्णित सड़क पर ट्रामा सेंटर नहीं होने के कारण ईलाज़ के अभाव में कई मरीजों की मृत्यु हो जाती है; यदि हाँ तो सरकार उक्त जिलों के बीचोबीच एन.एच. 57 सड़क के किनारे अवस्थित गायघाट सीएचसी के बगल में ट्रामा सेंटर का निर्माण कराकर आमजनों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नही तो क्यों?

----

## पीएचसी चालू कराना।

***1805 मिथिलेश कुमार** (28) (**सीतामढ़ी**)**:**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के डुमरा प्रखंड के पकटोला एपीएचसी का भवन निर्माण पूर्ण हो गया है, यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त एपीएचसी के सुचारू रूप से चालू कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## शव वाहन मुहैया कराना।

***1806 मोहम्मद अनजार नईमी** (52) (**बहादुरगंज**)**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज एवं टेढ़ागाढ स्वास्थ्य केन्द्रों में शव वाहन उपलब्ध नहीं रहने के कारण शव को घर तक पहुँचाने में निर्धन परिवारों को काफी दिक्कतों का सामाना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त दोनों प्रखण्डों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शव वाहन मुहैया कराने विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## क्षतिपूरक अवकाश के सम्बन्ध में।

***1807 मुकेश कुमार रौशन** (126) (**महुआ** )**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार के वित्त विभाग के संकल्प संख्या 14636, दिनांक 30/11/1972 द्वारा राज्य के सभी सरकारी कर्मियों को क्षतिपूरक अवकाश की सुविधा प्रदान की गई है;
2. क्या यह बात सही है कि पटना दंत महाविधालय एवं अस्पताल, पटना में कार्यरत संविदा आधरित दंत चिकित्सक, शिक्षक एवं अन्य कर्मी जनहित एवं लोकहित में सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी अस्पताल में मरीजों का उपचार करते हैं; यदि हॉ, तो सरकार उन्हें क्षतिपूरक अवकाश या अतिरिक्त पारिश्रमिक प्रदान कर रही है, यदि नहीं, तो इसका क्या औचित्य हैं;

----

## 33000 के0वी0ए० तार को भुमिगत करना।

***1808 कुमार कृष्णा मोहन उर्फ़ सुदय यादव** (216) (**जहानाबाद** )**:**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री , ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-
1. क्या यह बात सही है कि राजधानी पटना के तेजप्रताप नगर, अनिशाबाद में श्री सीताराम पथ, खाता संख्या-152,खेसरा संख्या-1111 एवं मोहल्ला-बृन्दावन कॉलोनी में घनी आबादी एवं आवासीय क्षेत्र मे बहुत सारे मकानों के उपर से 33000 के0वी0ए० का तार गुजरा है जिससे यहाँ निवास कर रहे लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मकानों के उपर से 33000 के0वी0ए० तार को

भुमिगत कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों नहीं ?

----

## चाहरदिवारी का निर्माण कराना।

***1809** **रणविजय साहू** (135) (**मोरवा** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत ताजपुर रेफरल अस्पताल की घेराबंदी नहीं रहने से असमाजिक तत्व एवं पशु प्रवेश कर जाते है जिससे स्वास्थ्य कर्मियों एवं आम जनता को काफी परेशानी होती है यदि हाँ तो जनहित में सरकार कब तक रेफरल अस्पताल ताजपुर में चाहरदिवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## भवन निर्माण कराना।

***1810** **शकील अहमद खाँ** (64) (**कदवा**):

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -1.क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,भेलागंज का भवन नहीं रहने के कारण स्वास्थ्य केंद्र का रोगियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, यदि हां, तो सरकार कब-तक उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण कराने का विचार रखती है नहीं तो क्यों?

----

## ट्रामा सेंटर चालू करना

***1811** **महा नंद सिंह** (214) (**अरवल** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने का कृपा करेंगे कि -

1. क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के एन. एच. 139 पर सड़क दुर्घटना ज्यादा होती है और अरवल में ट्रामा सेंटर नहीं रहने से ज़्यादातर पीड़ित पटना पहुँचते ही दम तोड़ देते हैं ?

2. क्या यह बात सही है कि विक्रम में वर्षो से ट्रामा सेंटर बन कर तैयार है, लेकिन अभी तक वहाँ चिकित्सा सुविधा शुरू नहीं हुआ है यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार अरवल में ट्रामा सेंटर बनवाने अथवा इलाके के मरीजों के

उपचार हेतु विक्रम में बना ट्रामा सेंटर तत्काल चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यो ?

----

## उत्क्रमित करना।

***1812 भीम कुमार सिंह** (219) (**गोह**):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री , स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत गोह प्रखण्ड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप मे उत्क्रमित करने के लिए सभी मानको को पूरा करता है;

2. क्या यह बात सही है कि गोह से औरंगाबाद की दूरी 70 किमी0 से अधिक है तथा गोह प्रखंड का मुख्यालय है जहाँ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोह को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नही तो क्यों?

----

## विशेषज्ञ चिकित्सकों के पदस्थापन के संबंध में।

***1813 गुंजेश्वर साह** (77) (**महिषी**):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि........

1. क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के नवहट्टा प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवहट्टा में शिशु रोग चिकित्सक, निश्चेतना विशेषज्ञ चिकित्सक , स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना नही होने के कारण रोगियों को काफी दूरी तय कर चिकित्सा हेतु अन्य अस्पतालों में जाना पड़ता है; यदि हां तो सरकार कबतक उपर्युक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवहट्टा में विशेषज्ञ चिकित्सकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।

***1814 विजय कुमार** (169) (**शेखपुरा**):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें किः-

1. क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत घाटकुसुम्भा प्रखंड के डीहकुसुम्भा पंचायत के ग्राम-सुजावलपुर एवं चेवाड़ा प्रखंड अन्तर्गत लोहान पंचायत के ग्राम-भलुआ में प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य नहीं होने के कारण ग्राम के निवासियों को 10-12 कि०मी० लंबी दूरी तय कर ईलाज के लिए जिला मुख्यालय आना पड़ता है, जबकि उस स्थान में भूंखड भी उपलब्ध है ;

2. क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा पत्रांक-109/2024, दिनांक-27.08.2024 एवं पत्रांक-209/2024, दिनांक-15.09.2024 द्वारा विभागीय मंत्री एवं अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य पदाधिकारियों को स्वास्थ्य उपकेन्द्र निर्माण हेतु पत्र देने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई है ;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार जनहित में वर्णित स्थानों पर स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यो ?

----

## पर्यटन स्थाल के रूप में विकसित करना।

*1815 **आफाक आलम** (58) ( **कसबा, पूर्णिया**):

**पर्यटन** क्या मंत्री , पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखण्ड में स्थित जलालगढ़ किला को सरकार द्वारा वर्ष 2023 में घोषण किये जाने के बावजूद भी आज तक उक्त किला का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित नहीं किया गया है, यदि हाँ तो सरकार उक्त किला का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु कौन सी कार्रवाई कब तक करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध करना।

*1816 **मुरारी मोहन झा** (86) (**केवटी**):

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री , स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या यह बात सही हैं कि केवटी विधनसभा क्षेत्र के प्रखंड केवटी एवं सिंघवाड़ा स्वास्थ्य केंद्र में सिटी स्कैन, डिजिटल एक्सरे, एवं पैथ लैब सहित अन्य व्यवस्था नहीं रहने के कारण रोगियों को इलाज कराने में कापफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं, यदि हाँ तो सरकार कबतक प्रखंड सिंघवाड़ा एवं केवटी स्थित अस्पतालों में उक्त व्यवस्था कराने का विचार रखती हैं, नहीं तो क्यों?

----

## स्वास्थ्य उपकेन्द्र खुलवाना।

*1817 **कौशल किशोर (173) (राजगीर ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री , स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कीः-

1. क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत राजगीर विधान सभा क्षेत्र के गिरियक प्रखण्ड के ग्राम रैतर तथा सिलाव प्रखण्ड के ग्राम धरहरा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र नहीं रहने के कारण लोगो को स्वास्थ्य जाँच कराने के लिए कठिनाईयों को सामना करना पड़ता है; यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त स्थानो पर नया स्वास्थ्य उपकेन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*1818 **लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (20) (चिरैया):**

**पर्यटन** क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत पताही प्रखंड के देवापुर संगम घाट पर पौराणिक एवं धार्मिक महता के कारण लोगों की आस्था का केंद्र हैं जहां प्रतिवर्ष अनंत चतुर्दशी के अवसर पर लाखों श्रद्धालु डाक बम एवं कांवरिया बम जल लेकर सोमेश्वर नाथ मंदिर अरेराज के लिए तथा अन्य स्थानों पर जातें हैं और यहां मेला भी लगता हैं परन्तु उक्त स्थल पर नागरिक सुविधाओं का अभाव हैं, यदि हां तो सरकार उक्त आस्था के केंद्र स्थान को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने एवं नागरिक सुविधा यथा सीढ़ी घाट, सौंदर्यीकरण, स्थायी यात्री शेड, शौचालय, हाई मास्ट लाइट आदि का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## ट्रामा सेन्टर निर्माण करना।

*1819 **राजेश कुमार गुप्ता (208) (सासाराम ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें किः-

1. क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम में एन0एच0-31 पर ट्रामा सेन्टर नहीं होने से घायल मरीजो को उपचार में काफी कठिनाई होती है;

2. क्या यह बात सही है कि सासाराम में एक भी ट्रामा सेन्टर नहीं है, जिस कारण घायल मरीजों को काफी कठिनाई होती है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सासाराम में एन0एच-31 पर ट्रामा सेन्टर निर्माण कराने का विचार रखती है, हॉ तो कब तक नहीं तो

क्यों?

----

## राशि का भुगतान।

***1820 गायत्री देवी** (25) (**परिहार**)**:**

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि अर्चना कुमारी, पिता श्री इन्द्रजीत मुखिया, ग्राम कचहरीपुर, वार्ड नं-12 पंचायत जयनगर प्रखण्ड सोनवरसा जिला सीतामढ़ी की मृत्यु पानी में डूबने से दिनांक 21.07.2024 को ही गई थी;

2. क्या यह बात सही है कि अर्चना कुमारी की मृत्यु के बाद पोस्टमाटम रिर्पोट में मृत्यु का कारण पानी में डूबना बताया गया है एवं थाना में यू.डी. केस संख्या 5/24 सोनवरसा थाना दर्ज किया गया था;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार आपदा से मिलने वाली राशि अर्चना कुमारी के परिजन को देने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## विश्राम गृह का निर्माण

***1821 दीपा कुमारी** (227) (**इमामगंज** )**:**

**पर्यटन :-**

क्या मंत्रीी, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि गया जिला का प्रखंण्ड ईमामगंज के ग्राम प्राणचक के निकट बुद्ध पहाड़ी पर भगवान बुद्ध का पौराणिक एवं ऐतिहासिक प्रतिमा है जहाँ पूजा एवं दर्शन के लिए प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं

2. क्या यह बात सही है कि उक्त भगवान बुद्ध के स्थल तक आवागमन के लिए पहुँच पथ एवं यात्रीी विश्राम गृह नहीं रहने के कारण श्रद्धालुओं को काफी असुविधा होती है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्थल को पर्यटक स्थल घोषित कर पहुँच पथ एवं यात्रीी विश्राम गृह निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## कारवाई करना।

***1822 राकेश कुमार रौशन** (174) (**इस्लामपुर, नालन्दा** )**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखंड अन्तर्गत समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इस्लामपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पिछले 14 वर्ष से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी इस्लामपुर सी0एच0सी0 में कार्यरत है एवं उनके द्वारा आम सभा किए बिना रजिस्टर तैयार कर आशा वर्कर की कुल-15 रिक्तियों को भरा गया था ;

3. क्या यह बात सही है कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा चयनित आशा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति को अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी नालन्दा ने जाँच के बाद पत्रांक-60 दिनांक-19.05.2023 द्वारा चयन रद्द भी किया है;

4. यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार फर्जी प्रक्रिया के तहत चयन करने वाले एवं 14 वर्ष से एक-ही स्थान पर कार्यरत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पर कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## **प्रतिनियुक्ति करना।**

*1823 **प्रमोद कुमार** (19) (**मोतिहारी**)ः

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि पटना जिला के धनरूआ प्रखंड के कोसुत पंचायत में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुर कोसुत का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत जुलाई 2024 में हस्तगत करा दिया गया है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य कर्मियों के प्रतिनियुक्ति हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अनरूआ के पत्रांक-359 दिनांक-05.08.2024 के आलोक में असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी पटना ने अपने पत्रांक-7947 दिनांक 10.09.2024 के द्वारा निदेशक प्रमुख प्रशासन से पत्राचार के माध्यम से प्रतिनियुक्ति हेतु अनुरोध किया था, किन्तु आजतक प्रतिनियुक्ति नहीं हो सका;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र हेतु आवश्यक कार्य बल का पद सृजन करते हुए चिकित्सक एवं अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों ;

----

## **पदस्थापित करना।**

*1824 **सत्येन्द्र यादव** (114) (**मांझी**)ः

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री , स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, शेखपुरा, पटना में अधीक्षण अभियंता का पद स्वीकृत है, जो सितम्बर-2021 से रिक्त है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त संस्थान में प्रोन्नति नियम के तहत योग्य व्यक्ति होने के बावजूद योग्यता नहीं रखने वाले बायो मेडिकल के अभियंता को प्रभार दिया गया है?
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मामले की उच्च स्तरीय जाँच कराकर रिक्त पद पर वरीय अधीक्षण अभियंता को पदस्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

**उत्क्रमण कराना।**

*1825 **विद्या सागर केशरी** (48) (**फोर्बेस्गंज**):

**स्वास्थ्य** :-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखण्ड के सिमराहा अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र पर दर्जनों पंचायत के मरीज ईलाज हेतु निर्भर है परंतु स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक एवं सुविधा का अभाव है, तथा रिसर बिना चाहरदिवारी का है एवं भवन जर्जर हो गया है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केंद्र रेफरल अस्पताल फारबिसगंज से लगभग 20 किलोमीटर दूरी पर अवस्थित है जिसके कारण मरीजो को सही समय पर ईलाज का लाभ नहीं मिल पाता है,

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उपरोक्त वर्णित स्वास्थ्य केंद्र का जीर्णोद्धार, चाहरदिवारी निर्माण एवं रेफरल अस्पताल में उत्क्रमण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

**अनापत्ति अथवा आपत्ति के लिए समय बढ़ाना।**

*1826 **मंजु अग्रवाल** (226) (**शेरघाटी**):

**योजना एवं विकास** :-

क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना निधि अंतर्गत माननीय विधायक द्वारा अनुशंसित योजनाओं से संबंधित विभाग से मिलने वाली अनापत्ति अथवा आपत्ति के लिए समय सीमा निर्धारित नहीं होने के चलते योजनाओं के कार्यान्वयन में अनावश्यक विलम्ब होता है, यदि हाँ, तो सरकार माननीय सदस्यों की अनुशंसित योजनाओं के लिए संबंधित विभाग से अनापत्ति अथवा आपत्ति के लिए समय सीमा कब तक निर्धारित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

**सुविधा देना।**

***1827 रामप्रवेश राय** (100) (**बरौली** ):

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री पर्यटन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

1. क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के मांझा अंचल अतर्गत दानापुर दानेश्वरनाथ शिव मंदिर परिसर मे पर्यटकों के लिए पर्यटकों के लिए मूलभूत सुबिधाओ का आभाव है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त पर्यटन स्थलों के सर्वागिंण विकास एवं मूलभूत सुबिधाओ को उपलब्ध कराने का विचार रखती है नहीं तो क्यों

----

**संरक्षित करना।**

***1828 प्रतिमा कुमारी** (127) (**राजा पाकर** ):

**विधि :-**

क्या मंत्री विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला में सहदेई बुजुर्ग प्रखण्ड अंतर्गत नयागाँव पश्चिमी पंचायत के वार्ड नं0-02 में स्थित राम-जानकी मठ में कोई अधिकृत अभिरक्षक/ मठाधीश नहीं हैं, जिससे मठ का संचालन अव्यवस्थित हो चुका है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त मठ की करीब साढ़े सात बीघा जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा अनाधिकृत कब्जा होने के कारण मठ से आमजन लाभान्वित नहीं हो रहे हैं,

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मठ और उसकी सम्पत्ति को संरक्षित करने का विचार रखती है, हाँ तो, कब तक, नहीं तो क्यों?

----

**संसाधन मुहैया करना।**

***1829 रामबली सिंह यादव** (217) (**घोसी** ):

**स्वास्थ्य :-**

स्थानीय हिंदी दैनिक अखबार में दिनांक-15.02.2025 को छपी खबर के शीर्षक "सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में संसाधन की कमी से परेशानी" के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हुलासगंज में चिकित्सकों के 16 पद के विरूद्ध मात्र 07 चिकित्सक कार्यरत हैं तथा महिला एवं दंत रोग विशेषज्ञ नहीं है, इसके बावजूद यहां पदस्थापित चिकित्सकों को दूसरे जगह प्रतिनियुक्ति

कर दिया जाता है;

2. क्या यह बात सही है कि A ग्रेड नर्स के 16 पद के विरूद्ध मात्र 04 पदस्थापित हैं तथा ओ०टी० टेक्निशियन एवं मूर्च्छक न होने की वजह से बंध्याकरण जैसा सामान्य ऑपरेशन भी नहीं हो पाता है, साथ ही इसी प्रकार की स्थिति ओकरी, काको तथा घोषी के अस्पतालों की भी है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त अस्पतालों में डॉक्टर, नर्स, ओ०टी० टक्निशियन, मूर्च्छक तथा अन्य संसाधन मुहैया कराने का विचार रखती है, हॉं तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## केबल तार ले जाने के सम्बन्ध में।

***1830 कुमार शैलेन्द्र** (152) (**बिहपुर** ):

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री , उर्जा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगें कि:-

1. क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के खरीक प्रखंड के लोकमानपुर एवं भवनपुरा पंचायत कोषी नदी के पार अवस्थित है; इस कारण वहां पर नियमित रूप से बिजली नहीं मिल पाती है यदि हाँ तो सरकार उक्त दोनों पंचायत के लोगों को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति हेतु चोरहर - कोषी पुल पर से स्थायी रूप से 11000 हजार भोल्ट वाला केबल तार ले जाने का विचार रखती है , नहीं, तो क्यों ?

----

## चाहारदिवारी का निर्माण करना।

***1831 जितेंद्र कुमार** (171) (**अस्थावां** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री , स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार यह बतलाने की कृपा करेंगे कीः-

1. क्या यह बात सही है कि नालंदा-जिलान्तर्गत सरपेरा प्रखण्ड के ग्राम इसुआ स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में 24*7 सुविध उपलब्ध् नही है;

2. क्या यह बात सही है किं उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का चाहारदिवारी का निर्माण नहीं हुआ है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का चाहारदिवारी का निर्माण करते हुए 24*7 सुविध उपलब्ध् कराने का विचार रखती हैं, हाँ तो कबतक नही तो क्यों?

----

## चाहर दिवारी का निर्माण।

***1832 कृष्ण कुमार ऋषि** (59) (**बनमनखी**):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री , स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि अनुमंडलीय अस्पताल, बनमनखी में चाहरदिवारी नही रहने से अस्पताल परिसर में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है एवं परिसर की भूमि पर अतिक्रमण भी किया जा रहा है, साथ ही परिसर में असामाजिक तत्वों द्वारा गैर कानूनी कार्य किये जाने एवं अस्पताल की संपत्ति चोरी जैसी अप्रिय घटना होती रहती है, जिससे घटित होती है, जिससे ईलाजरत् मरीज एवं परिजनों सहित अस्पताल कर्मी को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ तो सरकार जनहित में उक्त अनुमंडलीय अस्पताल परिसर के चाहरदिवारी का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है नही तो क्यों ?

----

## **जांच करना।**

***1833 छोटे लाल राय (121) (परसा ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परसा के चिकित्सा प्रभारी विगत 5 वर्षो से कार्यरत है, जबकि सरकारी प्रावधानुसार एक स्थान पर सेवा काल की अवधि 03 वर्ष ही है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में रोगियों को मूलभूत सुविधा जैसे दवा वितरण, एन0जी0ओ0 के माध्यम मिलने वाली भोजन, सफाई एवं अस्पताल के रंगाई पोताई में मिलीभगत कर प्रभारी द्वारा अनियमितता की जाती है ;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त चिकित्सा प्रभारी द्वारा की जा रही अनियमितता की जॉच कराने का विचार रखती है, हॉ तो कबतक नही तो क्यों ?

----

## **स्वास्थ्य केंद्र भवनों का निर्माण।**

***1834 राज कुमार सिंह (144) (मटिहानी ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री स्वास्थ्य विभाग , यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत मटिहानी विधान सभा के विधायक द्वारा अनुशंसित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आकाशपुर, प्रा0 स्वा0 केन्द्र, डुमरी, बघवाड़ा सहित अन्य स्वा0 उपकेन्द्रों के निर्माण की अद्यतन स्थिति काफी शिथिल है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य/उपस्वास्थ्य केंद्र के भवनों का निर्माण कराने का विचार रखती है; नहीं तो क्यों ?

----

## मुआवजा राशि देना।

***1835 हरीभूषण ठाकुर "बचोल" (35) (बिस्फी):**

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री ,आपदा प्रबंध्न विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला विस्फी प्रखण्ड के सांहास ग्राम थाना विस्फी के राजकुमार मुखिया एवं बेचु लाल मुखिया की दिनांक 21 नवम्बर 2023 को राजकीय कन्या विद्यालय केरवार का छत गिरने से दब जाने कारण मृत्यु हो गई, परन्तु मृतक के आर्श्रितों को अबतक सरकारी मुआवजा राशि नही मिला है यदि हाँ तो सरकार कबतक मृतक के आर्श्रितों को सरकारी मुआवजा राशि देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई करना।

***1836 सैयद रूकनुददीन अहमद (57) (बैसी):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्राी, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें किः-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिला के बायसी विधन सभा अन्तर्गत डगरवा एवं बायसी प्रखण्ड के दोनो अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में प्रतिनियुक्त डॉक्टर एवं नर्स नियमित रूप से उपस्थित नहीं होते है, जिस कारण दूर-दराज से आए मरीजो, गर्भवती महिलाए को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त दोनो अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर प्रतिनियुक्त डॉक्टर एवं नर्स को नियमित उपस्थित शतप्रतिशत सुनिश्चित कराने, मरीजो को समुचित इलाज करने एवं गायब डॉक्टर एवं नर्स पर कौनसी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण करना।

***1837 विनय कुमार (225) (गुरुआ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक विधानसभा में 5-5 हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के तौर पर स्वास्थ्य उपकेन्द्र बनाने का प्रावधान किया गया था,

2. क्या बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा गुरुआ विधान सभा के कनौसी,खुराडीहरा, चासी, ताडवा एवं सुद्नी में भवन निर्माण हेतु अनुशंसा किया गया था,

3 . क्या यह बात सही है कि कनौसी खुशडीहरा तथा चॉसी में भवन निर्माण पूर्ण हो चुका

है परन्तु गुरूआ प्रखण्ड के टड़वा तथा परैया प्रखंड के सुडनी में उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण  विभागीय स्तर पर लंबित है।
4 . यदि उपर्युक्त खण्ड के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अनुशंसित शेष बचे दोनों उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## ट्रांसफार्मर लगवाना।

***1838 दिलीप राय** (26) (**सुरसंड**)**:**

**ऊर्जा :-**

क्यामंत्री , उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के देवना बुजुर्ग पंचायत के ठाहर गॉव में वार्ड संख्या-15 में बिजली का पोल अभी तक नहीं है; साथ ही का यहॉ ट्रांसपफॉर्मर भी ख़राब हैं है । जिसकी वजह से बिजली की आपूर्ति बाधित रहती है;
2 . यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कबतक उक्त गॉव के सम्बंधित वार्ड में स्थायी पोल एवं नया ट्रांसपफॉर्मर लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## घेराबंदी करना।

***1839 दामोदर रावत** (242) (**झाझा** )**:**

**पर्यटन :-**
क्या मंत्री, पर्यटन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अन्तर्गत कागेश्वर पंचायत स्थित ऐतिहासिक कागेश्वर धाम मंदिर के जमीन की पैमाइश की गयी है,
2. क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर की घेराबंदी नहीं रहने के कारण मंदिर की जमीन का अतिक्रमण किया जा रहा है,
3. क्या यह बात सही है कि मंदिर का समय-समय पर रख'रखाव नहीं होनें से ऐतिहासिक मंदिर खराब हो रही है;
4. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मंदिर की पूरी जमीन की घेराबंदी के उपरांत बिहार धार्मिक न्यास बोर्ड के अधीन करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

***1840 राम चन्द्र प्रसाद** (84) (**हायाघाट**)**:**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि हायाघाट विधान सभा अंतर्गत विभाग द्वारा 21.01.2022 को चार स्वास्थ्य उपकेन्द्र तथा एक अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण की स्वीकृति दी गई थी, किंतु भूमि की अनुपलब्धता के कारण उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण नहीं हो सका है यदि हॉ तो सरकार कब तक उक्त स्वास्थ्य केन्द्रो के लिए भूमि उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, क नहीं तो क्यों?

----

## डाक्टरों के पदस्थापन के सम्बन्ध में।

*1841 **प्रेम शंकर प्रसाद** (99) **(बैकुंठपुर):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री , स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि जिला- गोपालगंज के बैकुंठपुर विधन सभा क्षेत्राके सभी स्वास्थ्य उप केन्द्र में सप्ताह में एक बार डॉक्टर आते है;
2. क्या यह बात सही है कि सप्ताह में एक दिन डॉक्टर के आने से एवं जानकारी के अभाव में स्थानीय आम जनता को स्वास्थ्य का लाभ नहीं मिल पाता है;
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उपरोक्त विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले सभी स्वास्थ्य उप केन्द्र में प्रतिदिन डॉक्टर को पदस्थापित करने का विचार रखती है, हॉ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण करना।

*1842 **निशा सिंह** (66) **(प्राणपुर):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत प्राणपुर प्रखण्ड के सुदुर महानंदा नदी तट पर बसे गौरपुर पंचायत में उप स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने से आमजनों का चिकित्सा सुविधा हेतु बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हॉ तो सरकार कब तक पंचायम में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## स्वास्थ्य कर्मी को नियुक्त करना।

*1843 **वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता** (09) **(सिकटा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलांतर्गत सिकटा में शांति चौक तथा नरकटियागंज प्रखंड में गोखुला में क्रमशः एक-एक हेल्थ एंड बेलनेस सेन्टर निर्मित है ,

जहाँ चिकित्सक, नर्स और अन्य स्वास्थ कर्मियों की संख्यानगण्य के बाराबर है, यदि हाँ तो क्या सरकार जनहित में उपर्युक्त अस्पतालों में चिकित्सको और अन्य स्वास्थ कर्मियों को नियुक्त करने का विचार रखती है, हां तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

**व्यवस्था करना।**

***1844 प्रहलाद यादव** (167) (**सूर्यगढ़ा** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि लख्खीसराय जिला के सूर्यगढ़ा एव चानन प्रखण्ड की आबादी घनी है जहाँ अस्पताल की व्यवस्था ठीक नही है;

2. क्या यह बात सही है कि डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति एवं बेड की कमी रहने के कारण इलाज सुचारु रूप से नही हो पाता है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक चानन प्रंखड के अस्पताल में 100 बेड तथा पर्याप्त डॉक्टर एवं नर्स की व्यवस्था करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

**प्रतिनियुक्ति कराना।**

***1845 चन्द्रहास चौपाल** (72) (**सिंहेश्वर**):

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला स्थित जननायक कर्पुरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज में CARDIOLOGY, NEUROLOGY, NEPHROLOGY, UROLOGY, GASTROLOGY, एवं PULMONOLOGY विभाग में एक भी विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है, जिसके कारण मधेपुरा, सीरसा सुपौल एवं अन्य जिलों से आने वाले गंभीर रोगी को इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है, यदि हॉ तो सरकार उक्त मेडिकल कॉलेज के उपर्युक्त विभागों में कब तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

**कार्यवाई करना**

***1846 सउद आलम** (53) (**ठाकुरगंज**):

**ऊर्जा** क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत ठाकुरगंज विधान सभा क्षेत्र के दोनों प्रखंडो में विभिन्न पंचयातों से जुड़े विधुत समस्याओ के समाधान के लिए विभाग को बार – बार पत्राचार करने पर भी

कोई पहल नहीं हुआ है, किन्तु ग्रामीणों द्वारा समस्याओ के समाधान के लिए विधुत अभियंताओ को बिचौलिया द्वारा रिश्वत दिए जाने के उपरांत समस्या का समाधान किया जाता है, यदि हाँ तो सरकार प्रतिनियुक्त भ्रष्ट पदाधिकारियो के खिलाफ जांच के उपरान्त कौन सी कार्यवाई का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना।

***1847 उमाकांत सिंह** (07) (**चनपटिया**)**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि: –

क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला के मझौलिया प्रखंड में रमपुरवा महनवा पंचायत एवं चनपटिया प्रखंड के चुहड़ी एवं बनकट पुरैना पंचायत में वर्ष 2022 में ही उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण प्रस्तावित था ,किन्तु तीनों उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों का निर्माण कार्य अभी तक आरंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ तो सरकार कब तक दोषी पदाधिकारियों एवं संबंधित संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## उपस्वास्थ्य केंद्र खुलवाना।

***1848 आनन्द शंकर सिंह** (223) (**औरंगाबाद** )**:**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखण्ड औरंगाबाद के पंचायत पोखराहॉ के ग्राम बधोई कला में अवस्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र हमेशा बंद रहने के कारण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ वहॉ की गरीब जनता को नहीं मिलने से रोगियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, यदि हाँ तो सरकार उक्त उपस्वास्थ्य केंद्र के नियमित रूप से खुलवाने एवं क्रियाशील कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## भवन का निर्माण कराना।

***1849 अख्तरूल इस्लाम शाहीन** (133) (**समस्तीपुर** )**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि,

1. क्या यह बात सही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समस्तीपुर भवन के अभाव में पी०एच०सी० में केवल राष्ट्रीय कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है,

2. क्या यह बात सही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित नहीं होने से गरीबों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रहा है जिसका प्रतिकूल प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है?

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समस्तीपुर के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं, तो क्यों?

----

## सुविधा उपलब्ध कराना।

*1850 **संदीप सौरभ** (190) (**पालीगंज** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:

1. क्या यह बात सही है कि नालंदा जिले के सभी 20 प्रखंडों के लोगों को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल आना पड़ता है, क्योंकि राजगीर और हिलसा स्थित अनुमंडल अस्पतालों में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है; यदि हाँ तो सरकार कब तक हिलसा एवं राजगीर के अनुमंडल अस्पताल में पोस्टमार्टम की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों;

----

## चिकित्सा अधीक्षक को अन्यत्र स्थानांतरण

*1851 **संतोष कुमार मिश्र** (209) (**करगहर**):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि डा0 विनय कुमार ठाकुर चिकित्सा पदाधिकारी लगातार वर्ष 2005 से ही सीएचसी राजेन्द्र नगर पटना परिसर में पदस्थापित है;

2. क्या यह बात सही है कि सरकार के गाइडलाईन के अनुसार प्रत्येक 3 साल पर चिकित्सा पदाधिकारी का स्थानांतरण करने का आदेश है, लेकिन अबतक स्थानांतरण नहीं किया गया है;

3. क्या यह बात सही है कि चिकित्सा पदाधिकारी अपने अधीक्षक पद का दुरूपयोग कर दुसरे चिकित्सा पदाधिकारी को परेशान व तंग करते है :

4. यदि उपर्युक्त खण्ड के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जाँचोपरांत राजेन्द्र नगर सीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी वर्तमान में चिकित्सा अधीक्षक को अन्यत्र स्थानांतरण कब तक करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## महिला चिकित्सक पदस्थापित करना।

***1852 बिजय सिंह (68) (बरारी):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत समेली प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक नहीं रहने के कारण महिलाओं को 40 कि0मी0 दूरी तय कर अन्य अस्पतालों में जाना पड़ता है यदि हाँ तो सरकार उक्त अस्पताल में महिला चिकित्सक पदस्थापित कराने का विचार

----

## भवन का निर्माण।

***1853 समीर कुमार महासेठ (36) (मधुबनी):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री,स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:

क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलांतर्गत बाबूबरही विधान सभा क्षेत्र के बड़हरा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं होने के कारण चिकित्सकीय सुविधा से लोगों को वंचित होना पड़ रहा है, यदि हां तो सरकार कब तक उपर्युक्त बड़हरा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## ग्रिड निर्माण कराना।

***1854 जय प्रकाश यादव (46) (नरपतगंज):**

**ऊर्जा :-**

(क्या मंत्री ऊर्जा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

( 1 ) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत मात्र तीन पावर ग्रिड स्थापित है। जिसमें उत्तर भाग फारबिसगंज, पूर्व भाग पलासी एवं दक्षिण भाग अररिया अंतर्गत आता है।

( 2 ) क्या यह बात सही है कि अररिया से पहले पावर सप्लाई रानीगंज पावर सबस्टेशन में आता है, फिर वहां से खजूरी और फिर भरगामा प्रखंड में आता है; इस प्रकार तीन पावर सब स्टेशन होकर लगभग 40 किलोमीटर की लंबी दूरी तय होने से भरगामा में पावर सप्लाई में सदैव व्यवधान उत्पन्न होते रहता है ;

3. यदि, उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार चौथा पावर ग्रिड भरगामा प्रखंड ( पश्चिमी भाग ) में बनवाने का विचार रखती है हाँ, तो कब तक , नहीं,

तो क्यों ?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा।

***1855 विश्व नाथ राम** (202) (**राजपुर** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री , स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के झटाढ़ी प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिकता स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन बनकर तैयार है, परन्तु अभी तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा नहीं दिया गया है यदि हाँ तो सरकार इटाढ़ी प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में निर्मित भवन को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा देने का विचार रखती है, हॉ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## पदस्थापित करना।

***1856 अजय यादव** (233) (**अतरी**):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखण्ड नीमचक बथानी में स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में सिर्फ एक एमबीबीएस डॉक्टर पदस्थापित है जिसके कारण मरिजों के ईलाज में काफी परेशानी होती है;

3. यदि उपर्यक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में जनहित के लिए एक और एमबीबीएस डॉक्टर पदस्थापित करवाने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नही तो क्यों?

----

## मरम्मति करना।

***1857 अचमित ऋषिदेव** (47) (**रानीगंज, अररिया**):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत पचीरा स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे उसमें OPD भी संचालित नहीं हो पा रहा है, जबकि मरम्मति के लिए विभाग से कई बार पत्राचार

किया गया, लेकिन अबतक मरम्मति के लिए राशि आवंटित नहीं होने के कारण मरम्मति नहीं हो पायी है; यदि हाँ तो सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन के मरम्मति के लिए राशि आवंटित कर कबतक मरम्मति करने का विचार रखती है; नहीं, तो क्यों ?

----

## अनुदान की राशि देना।

***1858 विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (221) (नबीनगर ):**

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

1. क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के अंचल अन्तर्गत ग्राम बहुरिया बिगहा थाना एवं अंचल बारूण निवासी कुसुम देवी पति रामनिवास पाल की मृत्यु सर्प दंश के कारण दिनांक 08.08.2023 को हो गयी थी;

2. क्या यह बात सही है कि अंचल अधिकारी बारूण के आदेश पत्रांक 31.12.2023-24, दिनांक 16.03.2024 द्वारा चार लाख रूपये की अनुग्रह अनुदान मृतक के आश्रित को देने की अनुशंसा की गयी थी, किन्तु अनुदान की राशि अभी तक आश्रित को प्राप्त नहीं होने से उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय है;

3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक उपरोक्त आश्रित को अनुदान की राशि देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पोल लगवाना।

***1859 अनिल कुमार (231) (टिकारी ):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री , उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कीः-

1. क्या यह बात सही है कि ग्राम-सैदनपुर, अनुमंडल-हिलसा, जिला- नालंदा में 33 के0भी0 ट्रांसमिशन लाईन को गलत तरीके से सरकारी जमीन उपब्ध् होने के बावजूद श्री महेश प्रसाद, पिता-स्व0 किशोरी राउत के ब्लॉट संख्या-257 एवं श्री गोपाल प्रसाद के प्लॉट संख्या-256 जो पश्चिमी बायपास के नजदीक सड़क के पूरब है, के अंदर पोल गाड़ दिया गया है जबकि रैयत के खेत के सामने सरकारी जमीन उपलब्ध् है यदि हाँ तो सरकार उपर्युक्त अंकित रैयत के जमीन से पोल हटाकर अन्यत्रा सरकारी जमीन पर पोल गाड़ने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## मुआवजा की राशि देना।

***1860 अशोक कुमार सिंह (203) (रामगढ़, कैमूर ):**

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे की:-

1. क्या यह बात सही हैं कि कैमूर जिलान्तर्गत रामगढ नगर पंचायत के राम प्यारे धोबी पिताः- हंसलाल धोबी और विशाल कुमार पिताः- राम प्यारे धोबी की मृत्यु दिनांकः- 15.10.2024 को सर्प काटने से हो गई हैं?

2. क्या यह बात सही हैं की चार महीने होने के पश्चात विभाग द्वारा अभी तक आश्रित परिवार को मुआवजा की राशि मृतक के आश्रित परिवार को नहीं दिया गया है, यदि हाँ तो सरकार मुआवजा कि राशि मृतक के आश्रित परिवार को कबतक देने का विचार रखती है नहीं तो क्यों?

----

**उच्चस्तरीय जाँच कराना।**

*1861 **प्रफुल्ल कुमार मांझी (240) (सिकंदरा ):**

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री , पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

1. क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत खैरा प्रखण्ड के गरही डैम स्पेलवे के पास सौन्दर्यीकरण का कार्य कराने में अनियमितता की जा रही है;

2. क्या यह बात सही है कि जे0ई0 या एस0डी0ओ0 के अनुपस्थाििति में कार्य किया जा रहा है जहाँ मेटेरियल इत्यादि यथा, पीलर में भी 8एम0एम0 छड़ इस्तेमाल किया जा रहा है;

3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त कार्य का उच्चस्तरीय जाँच कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

**मुआवज़ा राशि भुगतान।**

*1862 **आबिदुर रहमान (49) (अररिया):**

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री आपदा प्रबंधन विभाग यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अररिया प्रखंड के बटुरबारी पंचायत के वार्ड नंबर 6 के (1)मो. मोईनुद्दीन पिता इस्राफील (2) मो० अमेर पिता- फसलेउद्दीन सहित 9 परिवार का घर जल गया था किन्तु पीड़ित परिवार को अबतक मुआवज़ा राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ तो सरकार पीड़ित परिवार को कब तक मुआवज़ा भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## डी.ई.आई.सी. केन्द्र का अनुमोदन करना।

***1863 रामविलास कामत (42) (निर्मली ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री , स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि भारत सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा डी.ई.आई.सी.डीस्ट्रीक अर्ली इन्टरवेनशन सेंटर योजना चलाया गया है;

2. क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला में डी.ई.आई.सी. नहीं है, जिसके कारण 0 से 01 वर्ष तक के उन बच्चों का जो जन्म से ही दिल में छेद, कटा, होंठ, टेढ़ा पैर से ग्रसीत हैं, का निःशुल्क ईलाज नहीं हो पा रहा हैं;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त जिलों में डी.ई.आई.सी. केन्द्र का अनुमोदन करने का विचार रखती है, हॉ तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## मूलभूत सुविधा प्रदान करना।

***1864 छत्रपति यादव (149) (खगड़िया):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अन्तर्गत मानसी प्रखण्ड स्थित हेल्थ एण्ड बेलनेस सेंटर बलहा बाजार में मूलभूत सुविधाओं के अभाव चिकित्सको का नियमित नहीं आना एवं प्रसव सुविधा नहीं होने के कारण आमलोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है;

2. क्या यह बात सही है कि हेल्थ एण्ड बेलनेस सेंटर बलहा बाजार, मानसी सी0एस0सी0 से 6 किमी0 दूरी पर खगड़िया सदर अस्पताल से 20 किमी की दुरी पर स्थित है;

3. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में मूलभूत सुविधा एवं प्रसव सुविधा प्रदान कराने कि विचार रखती है, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## गाँधी सर्किट में जोरना।

***1865 विजय कुमार खेमका (62) (पूर्णिया):**

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्णियॉ जिला के रानीपतरा में महात्मा गाँधी सन् 1934 में आये थे तथा यहां प्रवास किये थे; यदि हाँ सरकार कबतक पूर्णिया के रानीपतरा को गाँधी सर्किट से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## सम्पति को संरक्षित करना

*1866 **विनय बिहारी** (05) (**लौरिया**)**:**

**विधि :-**

क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत लौरिया विधान सभा क्षेत्र के फतेहपुर मे श्री राम जानकी मठ की लगभग 40 बिगहा माफियाओं के कब्जे में रहने कारण प्रायः विवाद होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मठ की जमीन को गलत तरीके से बेचा जा रहा है;

3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त मठ की पूरी चल-अचल सम्पति को संरक्षित करने का विचार रखती है हाँ, तो कबतक नहीं तो क्यों

----

## ए.पी.एच.सी का निर्माण।

*1867 **सुर्यकान्त पासवान** (147) (**बखरी**)**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के गढ़पुरा प्रखण्ड अंतर्गत रजौर टोला लक्ष्मीपुर में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र (ए.पी.एच.सी) की स्वीकृति उपरांत जमीन उपलब्ध् कराकर एवं जिला पदाधिकारी तथा सिविल सर्जन, बेगूसराय के द्वारा सभी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार को उपलब्ध् करा दिया गया है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त (ए.पी.एच.सी) के निर्माण होने से क्षेत्र के पिछड़ा, महादलित एवं अन्य निर्धन परिवार के हजारों व्यक्तियों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा जो अबतक इससे वंचित है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र (ए.पी.एच.सी) का शीघ्र निर्माण कराना चाहती है, हॉ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## लाभ देना।

*1868 **अमर कुमार पासवान** (91) (**बोचहां**)**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री , स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि बिहार में सहायक नर्स एएनएम(R) का मानदेय मात्रा 13950/ रूपये प्रतिमाह है जो दैनिक मजदूरी से भी कम है; तथा अल्प मानदेय भी समय पर नहीं मिल पाता है;

2. क्या बात सही है कि उक्त नर्सो को सुदूर देहातों मे घर से 200 कि0 मी0 की दूरी पर प्रतिनियुक्त किया गया है, जिस कारण आने जाने में कठिनाई का सामना पड़ता है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार सहायक नर्स एएनएम (R) का मासिक मानदेय में वृद्धि और स्वास्थ्य बीमा एवं यात्रा भत्ता का लाभ देने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## जर्जर पोल एवं तार बदलना।

*1869 **पंकज कुमार मिश्र** (29) (**रुन्नीसैदपुर**):

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सन्नीसैदपुर प्रखंड के सफी पंचायतों के 11 हजार का पोल तार एवं एल0टी0 का नंगातार पोल जर्जर है, जिसमें जान-माल की क्षति होने की संभवना बनी रहती है, सरकार कब तक जनदित में उक्त सभी पंचायतों के जर्जर पोल एवं तार बदलने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पदस्थापना करना।

*1870 **विशाल प्रशांत** (196) (**तरारी** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत सदर अस्पताल भोजपुर एवं अनुमंडलीय अस्पताल पीरों में एक भी रेडियोलॉजिस्ट पदस्थापित नहीं रहने के कारण मरीजों को अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा नहीं मिल पा रहा है,

यदि हॉ तो सरकार कब तक उक्त वर्णित अस्पतालों में रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नही तो क्यों?

----

## चिकित्सक एवं कर्मी के पदस्थापन के सम्बन्ध में।

***1871 विजय शंकर दूबे** (112) (**महाराजगंज, सीवान**)**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि सिवान जिला अन्तर्गत अनुमंडल महाराजगंज प्रखंड के ग्राम-पटेही में, पनियाडीह परौली में, छोटका टेघड़ा एवं सोनवर्षा स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन का उद्‌घाटन हो चुका है परन्तु आज तक उपर्युक्त जगहों में एक भी चिकित्सक एवं पारा मेडिकल कर्मचारियों की पदस्थापना नहीं हुई है, जिसके कारण वहाॅ मरीजों का ईलाज समुचित ढंग से नहीं हो पा रहा है यदि हाॅ तो सरकार कब तक उक्त अस्पातालों में चिकित्सक एवं चिकित्सकीय कर्मी की पदस्थापना कराने विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पदस्थापित करना।

***1872 मनोरमा देवी** (232) (**बेलागंज** )**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत बेलागंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भी महिला डॉक्टर पदस्थापित नहीं है, जिससे महिलाओं के संपूर्ण इलाज सहित प्रसव करवाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार महिलाओं के संपूर्ण इलाज हेतु बेलागंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र महिला पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## इमर्जेंसी वार्ड बनाना

***1873 अजीत शर्मा** (156) (**भागलपुर** )**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री,स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:

क्या यह बात सही है कि इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान,शेखपुरा,पटना के परिसर में अवस्थित संस्थान के भवन में राज्य स्वास्थ्य समिति का कार्यालय स्थापित था परंतु अब राज्य स्वास्थ्य समिति का कार्यालय भवन बन जाने के कारण उक्त भवन अनुपयोगी पड़ा हुआ है जबकि इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में आकस्मिक स्थिति में आनेवाले मरीजों को इमर्जेंसी वार्ड में बेड उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण अन्यत्र निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है, यदि हां तो सरकार इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान परिसर में अवस्थित राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यालय के रूप में पूर्व में कार्यरत और वर्तमान में खाली पड़े भवन में

कम से कम 500 बेड का इमर्जेंसी वार्ड खोलने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## एस.डी.आर.एफ./एन.डी.आर.एफ. की टीम की व्यवस्था करना

***1874 इजहारूल हुसैन** (54) (**किशनगंज**)**:**

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री , आपदा प्रबंध्न विभाग, यह बतलाने की कुपा करेंगे किः-

क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत जिला मुख्यालय में एस.डी.आर.एफ./ एन.डी.आर.एफ. की टीम नहीं रहने के कारण, कोई घटना होने पर त्वरित कार्रवाई नहीं हो पाती है तथा मृतक के शरीर को निकालने में 2 से 3 दिन तक का समय लग जाता है, जिससे आमजनों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कब तक जिला मुख्यालय में एस.डी.आर.एफ./एन.डी.आर.एफ. की टीम की व्यवस्था करवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पी.आई.सी.यू को क्रियाशील करना।

***1875 संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी** (200) (**बक्सर** )**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः

1. क्या यह बात सही है कि बक्सर सदर अस्पताल में पिछले वर्षो में पी.आई.सी.यू की स्थापना हो गई है, किन्तु उक्त यूनिट कई वर्षो से बंद पड़ा है, यदि हाँ तो सरकार कब तक बक्सर सदर अस्पताल में पी.आई.सी.यू को क्रियाशील करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## मंदिर को विकसित करना।

***1876 देवेश कान्त सिंह** (111) (**गोरियाकोठी**)**:**

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के लकड़ी नवीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पड़ौली बलीटोला में ऐतिहासिक प्राचीन भवानी स्थान मंदिर है, जहाँ प्रतिदिन हजारों श्रद्घालु भक्त पूजा-अर्चना करने विभिन्न जिलों से आते है, तथा कृष्णा जन्मष्टमी के अवसर पर विशेष मेला का आयोजन किया जाता है, यदि हाँ तो क्या सरकार कब तक भवानी स्थान मंदिर को विकसित करने एवं पर्यटक स्थल बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों

----

## महिला डॉक्टर पदस्तथापन हेतु

***1877 अनिता देवी** (211) (**नोखा** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री,स्वास्थ विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि , क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अंतर्गत नोखा प्रखण्ड के नोखा PHC में एक भी महिला डॉक्टर नहीं है , जिस से महिलाओ को इलाज हेतु दिक्कत होती है, यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त PHC में महिला डॉक्टर पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## स्वास्थ्य सुविधा संचालित करना।

***1878 कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह** (109) (**दारौंदा**):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत दरौंदा प्रखण्ड के जलालपुर पंचायत एवं पाण्डेयपुर पंचायत जो प्रखण्ड मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय से सुदूर इलाका होने के कारण उक्त पंचायतों के आम-जनता को आकस्मिक बीमारियों में प्रखण्ड मुख्यालय अथवा जिला मुख्यालय जाते-जाते अनहोनी की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ तो सरकार उक्त वर्णित पंचायतों में उप-स्वास्थ्य केन्द्र की स्वीकृति प्रदान कर भवन निर्माण कराने सहित स्वास्थ्य सुविधा संचालित करने का विचार रखती है, हॉ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## अधिष्ठापन करना।

***1879 भाई वीरेन्द्र** (187) (**मनेर** ):

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मनेर प्रखण्ड स्थित प्राथमिक स्वस्थ्य केन्द्र, मनेर में ई0सी0जी0 और आधुनिक एक्स रे मशीन का अधिष्ठापन नहीं रहने से गरीब मरीजों को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित अस्पताल में उक्त मशीनों का अधिष्ठापन करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## सांख्यिकी पदाधिकारी को पदस्थापित करना।

*1880 **अजय कुमार** (138) (**बिभूतिपुर** ):

**योजना एवं विकास :-**

क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- 1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत नगर एवं प्रखंड पंजीकरण की कुल इकाई 28 है; जिसमें मात्र 07 सांख्यिकी पदाधिकारी कार्यरत हैं; शेष 21 पद रिक्त है; जिससे पदाधिकारियों पर अतिरिक्त कार्यभार होने से लोगों को समय पर जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र मिलने में कठिनाई होती है; यदि हाँ, तो सरकार, कब तक रिक्त पदों पर सांख्यिकी पदाधिकारी को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## स्थाई भवन निर्माण।

*1881 **अरूण सिंह** (213) (**काराकाट**):

**योजना एवं विकास :-**

क्या मंत्राी, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत स्थानीय क्षेत्रा अभियंत्राण संगठन 2 का तकनीकी प्रशाखा कार्यालय, बिक्रमगंज में संचालित हो रहा है

2. क्या यह बात सही है को उक्त कार्यालय भाड़े पर निजी भवन बिक्रम गंज में संचालित किया जा रहा है तथा एकाउंट सेक्शन सासाराम मुख्यालय में अवस्थित है

यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार स्थानीय क्षेत्रा अभियंत्राण संगठन 2 का स्थाई भवन, विक्रमगंज में निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अनुदान राशि देना

*1882 **श्यामबाबू प्रसाद यादव** (17) (**पिपरा, पूर्वी चंपारण**):

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:

1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के तेतरिया प्रखंड अंतर्गत लहलादपुर गांव निवासी सियालाल सहनी की मृत्यु दिनांक 28 जून 2020 को नदी में डूबने से हो गई थी लेकिन मृतक के आश्रित को अबतक अनुग्रह अनुदान राशि नहीं मिली है; यदि हाँ तो सरकार मृतक के आश्रित को शीघ्र अनुदान राशि देने का विचार रखती है ,नहीं ,तो क्यों?

----

## एम्बुलेंस सेवा की व्यवस्था

*1883 **मुहम्मद इजहार असफी** (55) (**कोचाधामन**):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत-55 कोचाधमन विधन सभा क्षेत्र के प्रखण्ड-कोचाधमन के बिशनपुर एवं अलता में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (ए.पी.एच.सी अवस्थित है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में एम्बुलेंस सेवा की व्यवस्था उपलब्ध् नहीं है, जिसे कारण गंभीर रोग से ग्रसित रोगियों को चिकित्सा कराने के परिवहन में असुविधा तथा कठिन समस्याओं का समाना करना पड़ रहा है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (ए.पी.एच.सी) बिशनपुर एवं अलता में एम्बुलेंस सेवा की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## भवन निर्माण कराना।

*1884 **ज्योति देवी** (228) (**बाराचट्टी** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1 . क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत बाराचट्टी ग्राम पंचायत दिवनियाँ के शिवगंज बाजार में वर्षो से अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र एक जर्जर सामुदायिक भवन में संचालित है ;

2 . क्या यह बात सही है कि भवन के अभाव में स्वास्थ्य कर्मियों को सेवा देने में काफी कठिनाई होती है और हमेशा जान का खतरा बना रहता है ;

3 . यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कब तक उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्याँ ?

----

## अनुदान राशि उपलब्ध् कराना।

*1885 **शालिनी मिश्रा** (15) (**केसरिया**):

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री , आपदा प्रबंध्न विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि भारत सरकार की गृह मंत्रालय के पत्र संख्या-32-34/2005 एन.पी.एम.-1 दिनांक-27.06.2007 के आलोक में प्रधान सचिव आपदा प्रबंध्न विभाग ने दिनांक-12.01.2009 द्वारा प्राकृतिक आपदा के कारण मृतक का शव बरामद नहीं होने के

स्थिति में अनुग्रह अनुदान राशि भुगतान हेतु सभी प्रमण्डलीय आयुक्त एवं जिला पदाध्कारिरी को दिशा निर्देश जारी की गई थी

2. क्या यह बात सही है कि बैकुण्ठपुर प्रखण्ड के प्यारेपुर पंचायत के निखिल कुमार, सुजित कुमार, सुमित कुमार संजित कुमार का दिनांक 26.08.2024 को गंडक नदी में डुबने से मृत्यु हो गई, तथा बरौली प्रखण्ड के पंचायत सलेमपुर निवासी मोहन शाही के सुपुत्र सत्यम शाही का दिनांक 28.07.2024 को गंडक नदी में नहाने के क्रम में डुबने से मृत्यु हो गई, जिनका शव एन.डी.आर.एफ टीम द्वारा बरामद नहीं किया जा सका

यदि हाँ तो क्या सरकार मृतक के परिजानों को अनुदान राशि उपलब्ध् कराने का विचार रखती है ?

----

## दोषी आधिकारियों पर कार्रवाई

***1886 अरूण शंकर प्रसाद** (33) (**खजौली**)**:**

**स्वास्थ्य :-**

स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 11.12.2024 को प्रकाशित शीर्षक ‘’मांग पर भी 241 करोड़ की नहीं मिली दवाएं" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2016-17 से लेकर 2021 -22 तक विभिन्न जिलों के सरकारी अस्पतालों द्वारा 241.81 करोड़ की दवाओं को उपलब्ध कराने की मांग की गई थी, परन्तु मांग के बाद भी दवाओं की आपूर्ति बीएमएसआईसीएल द्वारा नहीं की गयी जिस कारण राज्य के सरकारी अस्पतालों में दवाओं की आपूर्ति समय पर नहीं होने से मरीजों को मुफ्त दवाएं नहीं मिल सकी;

2. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त अवधि में दवा आपूर्ति नहीं कराये जाने की जाँच कराकर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## ऑपरेशन की सुविधा देना।

***1887 प्रणव कुमार** (165) (**मुंगेर** )**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि,

क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल मुंगेर जहां लगभग दो वर्ष से शल्य चिकित्सक नहीं होने के कारण है आम जनों को काफी समस्या हो रही है, लोग ठगी के शिकार हो रहे हैं एवं अपना जान भी गवाॅं रहे हैं, यदि हाँ तो सरकार कबतक सदर अस्पताल मुंगेर में शल्य चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कर आम जनों को सदर अस्पताल मुंगेर में ऑपरेशन

की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पर्यटन स्थल के रूप में विकास करना।

*1888 **राम सूरत कुमार** (89) ( **औराई**):

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री , पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कीः-

1. क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड औराई में भैरव स्थान मंदिर, प्रखण्ड कटरा में मॉ चामुंडा स्थान एवं पहसौल में मोदलता अवस्थित मंदिर का पर्यटन स्थल के रूप में विकास करने की प्रक्रिया तत्कालीन पर्यटन मंत्री के द्वारा 2013 में प्रारंभ की गई थी यदि हाँ तो सरकार उक्त तीनों मंदिरों का पर्यटन स्थल के रूप में विकास करने का कब तक विचार रखती है नहीं तो क्यों?

----

## उप-स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण करना।

*1889 **कुंदन कुमार** (146) (**बेगूसराय** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखण्ड के खम्हार, वन्द्वार एवं रजौड़ा में उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है;

2. क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा उक्त पंचायतों में उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलने हेतु प्रस्तावित है परन्तु आजतक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से उक्त पंचायत वासियों को ईलाज मे असुविधा का सामना करना पड़ता है;

3. यदि उपर्युक्त खंडो का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में प्रस्तावित उप-स्वास्थ्य केन्द्रों का यथाशीघ्र निर्माण प्रारंभ कराने का विचार रखती हैं, हॉ, तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का भवन निर्माण।

*1890 **पवन कुमार यादव** (155) (**कहलगांव** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के गोराडीह प्रखंड अंतर्गत उस्तू एवं विशनपुर जिच्छो पंचायत में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का अपना भवन नहीं रहने के कारण ग्राम वासियों को स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर लाभ नहीं मिल रहा है,

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों क्षेत्र में बिहार सरकार की पर्याप्त भूमि उपलब्ध है,

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त दोनों क्षेत्रों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति।

***1891 मनोहर प्रसाद सिंह (67) (मनिहारी):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत फतेहनगर पंचायत के उपस्वास्थ्य केन्द्र महुअर में चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति नहीं है, तथा मरीजो को दवाई भी नहीं दी जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति और दवाई का प्रबन्ध करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## भवन निर्माण।

***1892 ललित कुमार यादव (82) (दरभंगा ग्रामीण):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(i) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के मनीगाछी प्रखंड में रेफरल अस्पताल है, जिसका भवन अतिजर्जर है, जिस कारण जो कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। 2. क्या यह बात सही है कि रेफरल अस्पताल मनीगाछी में डॉक्टरों की पद रिक्त है, तथा एक्स-रे मशीन एवं है,अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं है, जिस से मरीजो को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। 3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार डॉक्टर एवं कर्मचारियों की स्वीकृति पद के अनुरूप पदस्थापित करने के साथ रेफरल अस्पताल के मानक के अनुरूप मशीन उपलब्ध कराते हुए, भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हां तो कब तक,नहीं तो क्यों?

----

## भवन निर्माण करना।

***1893 जनक सिंह (116) (तरैया ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री , स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत तरैया विधान सभा क्षेत्र के ईसुआपुर प्रखंड का अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुम्हैला निजी भवन में चल रहा हे;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य के भवन का निर्माण वर्तमान में भूमि उपलब्ध् होने एवं निविदा की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद भी नहीं हो पा रहा है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

**बहल करना।**

***1894 अजीत कुमार सिंह (201) (डुमरांव ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि : -

1. क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के डुमराँव अनुमंडल अस्पताल में 'मदर न्यू बर्न केयर यूनिट' आवश्यक उपकरण सहित दो वर्षों से बनकर तैयार है किन्तु उक्त यूनिट के लिए चिकत्सकों के पद सृजित नहीं होने के कारण संस्थान क्रियाशील नहीं है जिससे नवजात शिशुओं को दूसरे अस्पताल में रेफर करना पड़ता है;

2. क्या यह बात सही है कि अस्पताल में ड्रेसर एवं परिचालन सहायक के पद भी स्वीकृत नहीं है ;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार डुमराँव अनुमंडल अस्पताल के 'मदर न्यू बार्न केयर यूनिट' को क्रियाशील करने तथा ड्रेसर व परिचालन सहायक के पद स्वीकृत कर बहाल करने का विचार रखती है; हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

**सहायक प्राध्यापक की प्रतिनियुक्ति।**

***1895 अजय कुमार सिंह (166) (जमालपुर, मुंगेर ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

क्या यह बात सही है कि राज्य के मेडिकल कॉलेजों में वर्ष 2017 के बाद सहायक

प्राध्यापकों की नियुक्ति नहीं हुई है जिसके कारण सहायक प्राध्यापकों के 50 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त है, तथा मरीजों की शल्य चिकित्सा में विलंब होता है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक मेडिकल कॉलेजों में सहायक प्राध्यापक के पद पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## नियुक्ति करना।

***1896 शिव प्रकाश रंजन** (195) (**अगिआंव** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड-गडहनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टरों और चिकित्साकर्मियों का घोर अभाव है एवं मात्र 3 डॉक्टर हैं जिसमें से एक डॉक्टर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उदवंतनगर में पदस्थापित कर दिया गया है, साथ ही कम्पाउण्डर, ड्रेसर और लैब टेकनीशियन के पद भी खाली है;

2. क्या यह बात सही है की उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध नहीं है जिससे मरीजों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों को उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गडहनी में अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध कराने एवं मानक के अनुसार डॉक्टरों चिकित्साकर्मियों की नियुक्ति का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## औचित्य बतलाना।

***1897 अखतरूल ईमान** (56) (**अमौर**):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री , स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला अंतर्गत बैसा प्रखण्ड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलगंज का निर्माण कार्य आठ वर्ष पूर्व हुआ था किंतु आज भी इस केन्द्र से लोगों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रहा है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कार्यरत नहीं रहने के कारण लोगों को उपचार एवं दवाई प्राप्ति हेतु 20 कि.मी. दूर रौटा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रौटा जाना पड़ता है;

3. क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर उसे उपयोगहीन बना दिया है जिस कारण से भी डॉक्टर एवं ए.एन.एम अपनी सेवाए नहीं दे रहे हैं;

4. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार अतिरिक्त प्राथमिक

स्वास्थ्य केंद्र रसूलगंज के भवन निर्माण के 08 वर्ष बाद भी लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रखने का औचित्य क्या है ?

----

## पावर सब स्टेशन बनाना।

***1898 मनोज कुमार यादव** (16) (**कल्याणपुर**):

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत कल्याणपुर विधान सभा क्षेत्र के प्रखण्ड कल्याणपुर में एक विद्युत पॉवर स्टेशन है जो पुराना हो चूका है, जिसके कारण विधुत आपूर्ति में निरंतर बाधा तथा संचरण संबंधी अनेक जटिलताएँ उत्पन होती रहती है;

2. क्या यह बात सही है कि कल्याणपुर अंचल के पंचायत दक्षिणी गवन्द्रा उत्तरी गवन्द्रा एवं बॉसघाट में पावर सब स्टेशन की स्थापना हेतु पर्याप्त भूमि उपलब्ध् है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त अंचल में एक अतिरिक्त नये विद्युत पावर सब स्टेशन बनाने का विचार रखती है?

----

## पारामेडिकल स्टाफ नियुक्त करना।

***1899 अनिल कुमार** (24) (**बथनाहा**):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि बथनाहा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत दर्जनों स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कराया गया है;

2. क्या यह बात सही है कि मझोसिया, जगनपटटी मधेसरा, बसबिटटा में नव निर्मित स्वास्थ्य उपकेन्द्र पर डॉक्टर, स्टाफ के नही रहने से आम जनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर डॉक्टर, पारामेडिकल स्टाफ नियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## मशीन का अधिष्ठापन करना।

***1900 रामानुज प्रसाद** (122) (**सोनपुर** ):

**स्वास्थ्य**

स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्रा में दिनांक-04.01.2025 को प्रकाशित शीर्षक

“पीएमसीएचः नहीं लग पायी कैंसर लीनियर एक्सीलेटर मशीन” के आलोक में क्या मंत्राी, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- क्या यह बात सही है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सहयोग से 38 करोड़ रूपया में कैंसर मरीजों के लिए लीनियर एक्सीलेटर मशीन पीएमसीएच, पटना में लगाया जाना था, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण वर्ष 2017 से अब तक कार्यान्वित नहीं हो पायी है, यदि हां तो सरकार इसकी जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उक्त मशीन का अधिष्ठापन कराकर चिकित्सा प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## आर्थिक मदद करना।

*1901 **मुकेश कुमार यादव** (27) (**बाजपट्टी**)ः

**योजना एवं विकास** क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी पंचायतों में किसान के निजी जमीन पर वर्षा मापी यंत्र एसकाइमेट कंपनी द्वारा लगाया गया है, जिसका संचालन अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा किया जाता है तथा उक्त यंत्र को लगाने में 5 गुणा 5 मीटर जमीन का उपयोग किया गया है, जिसमें जमीन दाता जिसके जमीन में यंत्र लगा है उनको कोई मुआवजा या मानदेय नहीं दिया जा रहा है परंतु जमीन दाता उक्त जमीन का राजस्व, सरकार को दे रहा है यदि हॉं तो सरकार राज्य में पंचायत स्तर पर जिन व्यक्तियों के जमीन पर वर्षा मापी यंत्रा लगा है, उन्हें मुआवजा/ आर्थिक मदद देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## भवन निर्माण।

*1902 **कुमार सर्वजीत** (229) (**बोधगया** )ः

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत टनकुप्पा के प्रखंड ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर के ग्राम करियादपुर में संचयालित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वेलनेस सेंटर एवं सब सेंटर तीनों एक ही छोटे पुराने जर्जर भवन में संचालित किया जा रहा है; यदि हाँ तो सरकार कब तक ग्राम-करियादपुर में संचालित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वेलनेस सेंटर एवं सब सेंटर के भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## खराब एम्बूलेंस को अस्पताल परिसर से हटाने

*1903 **नारायण प्रसाद** (06) (**नौतन**)ः

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि-

क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्र्गत सरकारी मेडिकल कॉलेज, बेतिया के आपातकालीन मुख्य गेट के सामने तीन खराब एम्बूलेंस जिसका वाहन संख्या-BR01PF 0931 , BR01PF 8745 , BR01P 2080 है, को रखकर चक्का खोल दिया गया है जिससे गंदगी फैल रही है एवं खराब एम्बूलेंस को दिखाकर मरीज के परिजनों का दोहन किया जाता है यदि हाँ तो क्या सरकार खराब एम्बूलेंस को अस्पताल परिसर से हटाने तथा चलंत एम्बूलेंस उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नही तो क्यो ?

----

## ट्रांसफार्मर देखरेख में करना।

*1904 **गोपाल रविदास** (188) (**फुलवारी** )**:**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत पटना सिविल कोर्ट और पुनपुन सुरक्षा बांध (फुलवारीशरीफ) में जर्जर ट्रांसफार्मर के फटने से कई लोगों की मौत हो गई थीं;

2. क्या यह बात सही है कि आज भी ट्रांसफार्मर के आस-पास सुरक्षा घेरा तथा ट्रांसफार्मर को कभर से ढकने की आधुनिक व्यवस्था नहीं हैं;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार पोल, तार, और ट्रांसफार्मर को नोडल पदाधिकारी की देखरेख में 15 दिन पर चेक-उप सुनिश्चित करने का विचार रखती हैं, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यो?

----

## भुगतान करना।

*1905 **रामवृक्ष सदा** (148) (**अलौली**)**:**

**ऊर्जा** क्या मंत्री , उर्जा विभाग, बिहार सरकार यह बतलाने की कृपा करेंगे कीः-

क्या यह बात सही है कि वैशाली जिले के गोरौल प्रखंड अन्तर्गत 33/11 के0वी0ए० पी0एस0एस0, पीरोई में मे0 तारा इन्टरप्राइजेज,मुजफ्फरपुर द्वारा वर्ष 2017 में कंस्ट्रक्शन वर्क पूर्ण कराया गया,

2. क्या यह बात सही है कि उक्त संवेदक द्वारा कार्य पूर्ण कराये जाने के बावजूद भी एल0 ऐंड टी0 कंपनी एवं मुख्य अभियंता परियोजना-01 उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं0लि0 ने मिलीभगत कर संवेदक को अबतक भुगतान नहीं किया है;

3. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त संवेदक द्वारा कराये गये कार्यो का भुगतान कराने का विचार रखती है , नहीं तो क्यों?

----

## चिकित्सक की कमी को पूरा करना।

***1906 पवन कुमार जायसवाल** (21) (**ढाका**)**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखण्ड में एपीएचसी- 8, एचएससी -35, घोड़ासहन प्रखंड में एपीएचसी-7, एचएससी-13 स्वीकृत है परंतु नर्स, स्टाफ एवं चिकित्सक की कमी के कारण 80% स्वा० केन्द्रों का सुचारु रूप से संचालन नहीं हो रहा है;

2. क्या यह बात सही है कि अनुमंडल अस्पताल ढाका एवं सामुदायिक स्वा. केन्द्र घोड़ासहन में स्वीकृत बल के विरूद्ध मात्र 40% चिकित्सकीय कर्मी कार्यरत है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार अनुमंडल अस्पताल ढाका एवं सामुदायिक स्वा. केन्द्र घोड़ासहन सहित सभी एपीएचसी एवं एचएससी पर कर्मी एवं चिकित्सक की कमी को दूर कर बेहतर संचालन का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पदस्थापन करना।

***1907 निरंजन कुमार मेहता** (71) (**बिहारीगंज**)**:**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के बिहारीगंज विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बिहारीगंज एवं ग्वालपाड़ा प्रखण्ड मुख्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य सीएचसी केन्द्र संचालित करने हेतु 2021 में ही भवन बनाकर तैयार कर दिया गया है; परन्तु उक्त भवन में अब तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित नहीं किये जाने से मरीजों को ससमय इलाज का लाभ नहीं मिल पाता है, यदि हॉ तो सरकार उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को नवनिर्मित भवन में संचालित करने तथा स्वीकृत पद के अनुरूप चिकित्सक एवं अन्य कर्मी का पदस्थापन कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## कमियों को दूर करना।

***1908 राम सिंह** (4) (**बगहा**)**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में

टेक्नीशियन नही होने के कारण अल्ट्रासाउंड मशीन बंद पड़ा है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में पूर्ण ऑटो एनाइजर मशीन नही होने के कारण ऑपरेशन में समस्या हो रही है ;

3. क्या यह बात सही है कि अस्पताल में स्थापित CBC मशीन भी खराब हो चुका है;

4. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में उपरोक्त कमियों को कब तक दूर करने का विचार रखती है नही तो क्यों?

----

**मुआवजा का भुगतान।**

*1909 **राहुल तिवारी** (198) (**शाहपुर** ):

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री आपदा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क्या यह बात सही है कि राजकुमार पाल पिता-सरल पाल ग्राम-बनकट पोस्ट सिकरिया थाना-शाहपुर प्रखण्ड बिहिया जिला भोजपुर की मृत्यु आकाशीय ब्रजपात गिरने से दिनांक- 09.07.2024 को हो गई है। लेकिन अभी तक मृतक के आश्रित परिवार को कोई सरकारी सहायता राशि नहीं दी गई है; यदि हाँ तो तो सरकार मृतक के आश्रित परिवार को सरकारी मुआवजा राश्राि दिलाने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

**चाहरदिवारी निर्माण कराना।**

*1910 **युसुफ सलाहउद्दीन** (76) (**सिमरी बख्तियारपुर**):

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि: क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडलीय अस्पताल में चाहरदिवारी का निर्माण नहीं होने से आवारा पशुओं एवं अवांछित तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, यदि हॅा तो सरकार उक्त अस्पताल में चाहरदिवारी के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों;

----

**सौंदर्यीकरण कराना।**

*1911 **ऋषि कुमार** (220) (**ओबरा** ):

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री पर्यटन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगें कि

1- क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखंड के डिहरा पंचायत के ग्राम नवनेर टोला शंकर बिगहा एवं ग्राम लबदना में सोन नदी तट पर अवस्थित प्राचीन

शिव मंदिर स्थापित है किन्तु अब तक उक्त दोनों मंदिर उपेक्षित है; यदि हाँ तो सरकार उक्त दोनो मंदिर का सौन्दर्यकरण एवं पर्यटनस्थल के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है , नही तो क्यों ?

----

## कार्यालय बनाना।

*1912 **राणा रणधीर** (18) **(मधुबन):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि--

1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी-चम्पारण जिला के पकड़ीदयाल प्रशासनिक अनुमंडल के गठन के 25 वर्ष के बाद भी विधुत अनुमंडल का स्वरूप नहीं ले सका है, जबकी उक्त अनुमंडल में सभी बुनयादी सुविधायें यथा स्वास्थ्य केन्द्र, अग्निशामक केन्द्र, अन्य अनुमंडलीय कार्यालय व्यवस्थित है,

2. क्या यह बात सही है कि विद्युत अनुमंडल कार्यालय का गठन नहीं होने से पकड़ीदयाल से 20 कि0मी0 दुर ढ़ाका अनुमंडल जाना पड़ता है, जिससे आम जनता को विधुत संबंधी समस्याओं के समाधान में कठिनाई होती है,

3. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार पकड़ीदयाल अनुमंडल में विधु त अनुमंडल कार्यालय बनाने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं

----

## प्राचीन बौद्ध धार्मिक मूर्तियों को संरक्षित करना।

*1913 **रश्मि वर्मा** (3) **(नरकटियागंज):**

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री , पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिला अन्तर्गत नरकटियागंज से 27 किलोमीटर की दूरी पर सहोदरा माई स्थान थरूहट में स्थित है, जहां कनिष्क पालवंश काल की काले पत्थर का बुद्ध की पत्नी यशोधरा और पुत्र राहुल की प्रतिमा है;

2. क्या यह बात सही है कि वर्तमान सहोदरा मंदिर से उत्तर बौद्ध धर्म से संबंधित कीमती पत्थर का अनेकों प्राचीन मूर्ति है, जो संरक्षण एवं पर्यटकीय सुविधा के अभाव के कारण नष्ट हो रहे है ;

3. यदि उपयुक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कबतक थरूहट के सहोदरा स्थान तथा प्राचीन बौद्ध धार्मिक मूर्तियों को संरक्षित करने एवं इसे बौद्ध सर्किट से जोड़कर पर्यटकीय सुविधा उपलब्ध् कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

**स्थानांतरण करना।**

***1914 रेखा देवी (189) (मसौढ़ी ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी प्रखंड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मसौढ़ी मे डॉ0 रामानुज सिंह 2016 से अब तक प्रभारी के पद पर लम्बे समय से एक ही स्थान पर पदस्थापित है, यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त पदाधिकारी का स्थानांतरण करने पर विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

\- - - -

**कार्यवाई करना।**

***1915 मिश्री लाल यादव (81) (अलीनगर):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री , ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कीः-

1. क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी प्रखण्ड के ग्राम पेगम्बरपुर थाना केवटी निवासी श्री शिवजी साफी पिता भदई साफी का बिजली कनेक्शन काट दिया गया है जिससे पूरा परिवार अंध्ेरा में 15 दिनों रह रहा है;
2. क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा बिजली बिल ले लेते है तथा बिल का रसीद नही देते है और हमेशा बॉकी दिखाते है;
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कबतक कार्यवाई करने का विचार रखती है नहीं तो क्यों?

\- - - -

**निर्माण कार्य को पूर्ण कराना**

***1916 अरूणा देवी (239) (वारसलीगंज ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र अपसद का निर्माणाधीन भवन का निर्माण लिन्टल तक कराकर एक साल से निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है;
2. क्या यह बात सही है कि उपरोक्त भवन अधूरा रहने के कारण लोगों का ईलाज नहीं हो पा रहा है;
3. यदि उक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार कब तक उक्त स्वास्थ्य भवन को अधूरा निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नही तो क्यों?

----

## सी.टी. स्केन को संचालित करना।

*1917 **मिथिलेश कुमार** (28) **(सीतामढ़ी)ः**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला में अवस्थित सदर अस्पताल में सी.टी. स्केन मशीन चालू नहीं होने से वहां के चिकित्सीय जांच में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ तो क्या सरकार कबतक उक्त उस्पताल में सी.टी. स्केन को संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## बिजली मुहैया कराना।

*1918 **मोहम्मद अनजार नईमी** (52) **(बहादुरगंज)ः**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में कृषि कार्य हेतु खेतों तक विद्युत आपूर्ति के लिए विद्युत ट्रान्सफॉर्मर सहित विद्युतीकरण कार्य हेत योजना संचालित है;
2. क्या यह बात सही है कि किशनंगज जिलान्तर्गत बहादुरगंज, टेढ़ागाछ तथा दिघलबांक प्रखंड के सैकड़ों गाँव जैसे भाटाबाड़ी, निशन्दा, कौचा, महेश बथना इत्यादि गाँव में केवल 20 प्रतिशत किसानों को ही इस योजना का लाभ मिल सका है;
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार, उक्त योजना से वंचित किसानों को खेत तक बिजली मुहैया का कराने विचार रखती है, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## स्वास्थ्य सेवा संचालित कराना।

*1919 **मुकेश कुमार रौशन** (126) **(महुआ )ः**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री , स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महुआ प्रखंड के पंचायत गोविन्दपुर, मधौल एवं भदवास, प्रखंड एवं जिला मुख्यालय से सुदूर होने के कारण आम जनता को आकस्मिक बीमारियों में प्रखंड या जिला मुख्यालय जाते-जाते अनहोनी की आशंका बनी रहती है यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित पंचायतों में उपस्वास्थ्य केन्द्र की स्वीकृति प्रदान कर स्वास्थ्य सेवा संचालित कराने का विचार रखती है, हॉ तो कब तक नहीं तो

क्यों?

----

## भवन निर्माण करना।

*1920 **कुमार कृष्णा मोहन उर्फ़ सुदय यादव** (216) (**जहानाबाद**):

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के रतनी फरीदपुर प्रखण्ड के मुरहरा पंचायत के उपरापट्टी स्थित स्वास्थ्य उपकेन्द्र विगत 30 वर्षो से निजी मकान में संचालित है; जिसे पदस्थापित चिकित्सक एवं कर्मीगण को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है यदि हाँ तो क्या सरकार कब तक उक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## कार्यालय स्थापित करना।

*1921 **रणविजय साहू** (135) (**मोरवा**):

**ऊर्जा** :-

क्या मंत्री  र्जा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत शाहपुर पटोरी में अनुमंडल कार्यालय स्थापित है

2. क्या यह बात सही है कि विद्युत विभाग का कार्यालय शाहपुर पटोरी में नहीं रहने से क्षेत्रा की जनता को पटोरी से 15 कि.मी. दूर मदुदाबाद स्थित विद्युत कार्यालय में समस्याओं के समाधन के लिए जाना पड़ता है, जिससे उन्हें कापफी परेशानी होती हैऋ

3. यदि उपर्युक्त खण्डों को उत्तर स्वीकारात्मक है तो विद्युत विभाग का कार्यालय पटोरी से लगभग 15 कि.मी. दूर मदुदाबाद में स्थापित करने का क्या औचित्य हैं?

----

## सौंदर्यीकरण करना।

*1922 **शकील अहमद खाँ** (64) (**कदवा**):

**पर्यटन** क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -1.क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के बेनी जलालपुर में बेनी पीर मजार अवस्थित है जिसमें राज्य तथा राज्य के बाहर के पर्यटक चादर पोशी के लिए आते हैं, यदि हां तो सरकार कब-तक उक्त मजार को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है नहीं तो क्यों?

----

## चक्रवृद्धि ब्याज वापस कराना।

***1923** **महा नंद सिंह** (214) (**अरवल** ):

**ऊर्जा** क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग , यह बतलाने का कृपा करेंगे कि - 1. क्या यह बात सही है कि विभाग चक्रवृद्धि ब्याज की दर से उपभोक्ताओं से बकाया बिजली बिल वसूलती है जिसके कारण उपभोक्ता बिजली बिल का बोझ होन से भुगतान करने में लापरवाही बरतते हैं यदि हाँ तो सरकार बिजली बिल में बोझ बढ़ाने वाला चक्रवृद्धि ब्याज वापस लेने का विचार रखती है नहीं तो क्यों

----

## चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों की कर्मी के संबंध में

***1924** **गुंजेश्वर साह** (77) (**महिषी**):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

1. क्या यह बात सही है कि महिषी विधान सभा अंतर्गत तीनों प्रखंडों में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवहट्टा, महिषी व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंचगछिया में चिकित्सकों, नर्स व स्वास्थ्यकर्मियों की पदस्थापना स्वीकृत रिक्ति के विरुद्ध नाममात्र या नगण्य है जिससे स्वास्थ्य सेवाएं काफी प्रभावित हो रही है ;

2. क्या यह बात सही है कि महिषी विधान सभा अंतर्गत तीनों प्रखंडों में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में चिकित्सकों, नर्स व स्वास्थ्यकर्मियों की घोर कमी है , तथा महिला चिकित्सक पदस्थापित नहीं है जिससे सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाएं जमीन पर नहीं मिल रही है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कबतक चिकित्सकों,नर्स व स्वास्थ्यकर्मियों की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नही तो क्यों ?

----

## स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण।

***1925** **विजय कुमार** (169) (**शेखपुरा** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें किः-

1. क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत चेवाड़ा प्रखंड के सियानी पंचायत के ग्राम-बेलछी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र विगत 25 वर्ष पूर्व ध्वस्त हो चुका है, जिस कारण भवन के अभाव में ग्रामीणों को स्वास्थ्य का लाभ नहीं मिल पा रहा है,;

2. क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा अपने पत्रांक-310/2024, दिनांक-14.10.2024 द्वारा विभागीय मंत्री एवं जिला चिकित्सा पदाधिकारी, शेखपुरा को ध्वस्त हो चुके प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्थान पर नए भवन का निर्माण कराने हेतु पत्र देने के बावजूद भी आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार ध्वस्त हो चुके प्रा० स्वा ० केंद्र भवन के स्थान पर नये भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## नियुक्ति करना।

***1926 मुरारी मोहन झा** (86) (**केवटी**)**:**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री , स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत केवटी प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केवटी में महिला डॉक्टर, नर्स एवं तकनीशियन की नियुक्ति नहीं होने कारण आम जनमानस को स्वास्थ्य सुविधा लेने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां तो सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला डॉक्टर, नर्स, एवं तकनीशियन को कब तक प्रति नियुक्त कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यों?

----

## चाहरदिवारी बनाना।

***1927 कौशल किशोर** (173) (**राजगीर** )**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
1. क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत बिहारशरीफ प्रखण्ड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धनुकि एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तियूरी की चाहरदिवारी नहीं होने एवं बिजली की आपूर्ती नहीं होने कारण वहाँ के आम जनता को काफी काठिनाईयों सामना करना पड़ता है॰
2. क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त प्राथिमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिथौरा के भवन की चाहरदिवारी एवं जीर्णोद्वार नहीं होने के कारण आजमनता को काफी काठिनाई का सामना करना पड़ता है;
3. यदि उपर्युक्त खण्ड़ों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का चाहरदिवारी एवं बिजली की आपूर्ति कराने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## गेस्ट हाउस निर्माण करना।

***1928 राजेश कुमार गुप्ता** (208) (**सासाराम** )**:**

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के तिलौथु प्रखण्ड अन्तर्गत तुतला भवानी धाम है, जिसमें प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक दर्शन करने आते है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर गेस्ट हाउस नहीं होने के कारण पर्यटकों को कठिनाई होती है?

3. यदि उपर्युक्त खण्डो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार रोहतास जिला के तिलौथु प्रखण्ड अन्तर्गत तुतला भवानी धाम में गेस्ट हाउस निर्माण कराने का विचार रखती है, हॉ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## तालाब का सौन्दर्यकरण।

***1929 गायत्री देवी** (25) (**परिहार**)**:**

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री पर्यटन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनवरसा प्रखण्ड अन्तर्गत मढ़िया ग्राम में भगवान शिव जी का बहुत बड़ा मठ है, जहॉं पर एक तालाव भी है;

2. क्या यह बात सही है कि मढ़िया मठ पर नेपाल से भी लाखों भक्त जल चढ़ाने आते है जहॉं पर ठहरने की ठीक ढंग से कोई व्यवस्था नहीं है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला के सोनवरसा प्रखण्ड अन्तर्गत मढ़िया मठ पर तालाब का सौदर्यीकरण, यात्रियों के ठहरने के लिए भवन एवं चाहरदिवारी कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## विशेज्ञ चिकितासक पदस्थापित करना।

***1930 राकेश कुमार रौशन** (174) (**इस्लामपुर, नालन्दा** )**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्राी, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के एकगंर सराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 4 एमबीबीएस तथा एक आयुष एवं एक दंत चिकित्सक पदस्थापित है

2. क्या यह बात सही है कि ई0एन0टी डॉ0 विशेस चिकित्सक स्नेहलता वर्मा द्वारा बंध्याकरण एवं अन्य आपरेशन किया जा रहा है, एवं आपरेशन के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं रहने के कारण दिनांक 20.1.25 के अंजू कुमारी, तोडल बिगहा निवासी को बंध्याकरण करने के क्रम में शरीर के आंतरिक भाग में अनयत्रा कटने से स्थिति खराब होने पर अन्यत्रा रेफर कर दिया गया जहां निजी नर्सिंग होम में अनावश्यक अत्यधिक राशि व्यय करना पड है

3. यदि उपर्यूक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार एकगंगर सराय

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बरती जा रही लापरवाही की जांच कर कार्रवाई के साथ विशेषज्ञ शल्य चिकित्सक को कबतक पदस्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## विधुत आपूर्ति करना

*1931 **विद्या सागर केशरी** (48) (**फोर्बेस्गंज**):

**ऊर्जा** :-

क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि, 1. क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखण्ड के सभी पंचायतों में कृषि फीडर विधुत आपूर्ति का कार्य एजेंसी द्वारा धीमी गति से किये जाने के कारण अधुरा है,

2. क्या यह बात सही है कि कृषि फीडर विधुत आपूर्ति हेतु किसानों के खेत तक बिजली पोल लगाने का कार्य ठप है जिसके कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है एवं काफी दुरी से तार के माध्यम से खेत तक बिजली ले जाने के कारण जान माल का खतरा बना रहता है,

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है ,तो सरकार कबतक विशेष अभियान चला कर सभी किसानों के खेत तक बिजली पोल एवं कृषि फीडर विद्युत आपूर्ति का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## विधुत आपूर्ति चालू करना।

*1932 **मंजु अग्रवाल** (226) (**शेरघाटी**):

**ऊर्जा** क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नगर परिषद् शेरघाटी के वार्ड-19 बसंतबाग में बिजली पोल, तार एवं ट्रांसफार्मर लगाये जाने के बावजूद अभीतक विधुत आपूर्ति चालू नहीं की गयी है यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वार्ड मे नये ट्रांसफार्मर से विधुत आपूर्ति बहाल करने का विचार करती है, नहीं तो क्यों ?

----

## अनुमंडलीय अस्पताल का दर्जा देना।

*1933 **रामप्रवेश राय** (100) (**बरौली** ):

**स्वास्थ्य** :-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि विगत दिनों सरकार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरौली में विशाल भवन का निर्माण अत्याधुनिक सुविधाओं सहित कराया गया है;
2. क्या यह बात सही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरौली में विशेषज्ञ चिकित्सक, शल्य चिकित्सक, स्त्राी रोग विशेषज्ञ, जाँच घर, आई0सी0यू, सी0सी0यू , एक्स रे, सोनोग्रापफी जैसी सुविधाएँ नहीं है जिसके चलते बहुतायत मरीजों को बड़े अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है;
3. यदि उपरोक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरौली में विशेषज्ञ चिकित्सक शल्य चिकित्सक, स्त्री रोग विशेषज्ञ, चिकित्सक जाँच घर, सोनोग्रापफी, आई0सी0यू, सी0सी0यू जैसी सुविधाएँ देते हुए अनुमंडलीय अस्पताल का दर्जा देने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## ट्रांसफार्मर बदलना

***1934 प्रतिमा कुमारी** (127) (**राजा पाकर** ):

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्राी, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राजापाकर प्रखण्ड अंतर्गत बाकरपुर पंचायत के वार्ड नं.-13 में महीनों से ट्रांसफार्मर खराब रहने से वहाँ की जनता अँधेरे में रहने को विवश है; जबकि ख़राब ट्रांसफार्मर 72 घंटों के अन्दर बदलने का प्रावधान है, यदि हाँ तो सरकार कबतक वार्ड नं.-13 के खराब ट्रांसफार्मर को बदल कर नया प्रतिस्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## जीर्णोद्वार करना।

***1935 रामबली सिंह यादव** (217) (**घोसी** ):

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री , पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कीः-
1. क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के हुलासगंज प्रखंड अंतर्गत इब्राहिमपुर गांव के पास सदियों पुराना इब्राहिम लोदी का बनाया हुआ मस्जिद अवस्थित है जो अब जीर्ण - शीर्ण अवस्था में है यदि हाँ तो यदि हाँ तो सरकार कबतक मस्जिद का जीर्णोद्वार एवं चहार दीवारी निर्माण का विचार रखती हे, नहीं तो क्यों?

----

## विद्युत्तीकरण कराना।

***1936 कुमार शैलेन्द्र** (152) (**बिहपुर** ):

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री , उर्जा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगें किः-

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखंड अवस्थित बैंकटपुर दूधैला पंचायत के साहपुर तथा उससे सटे कई गाँव मे आज तक विद्युत्तीकरण नहीं किया गया है यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त गाँवो में विद्युत्तीकरण कराने का विचार रखती है ,नही तो क्यों?

----

**भवन निर्माण करना।**

*1937 **कृष्ण कुमार ऋषि** (59) (**बनमनखी**)**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री , स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिलान्तर्गत् बनमनखी प्रखण्ड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सरसी का भवन जर्जर हो गया है, जिससे किसी अप्रिय घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है; यदि हाँ, तो सरकार जनहित में कब तक उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नही तो क्यों?

----

**विकास करना।**

*1938 **हरीभूषण ठाकुर "बचोल"** (35) (**बिस्फी**)**:**

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री, पर्यटन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत विस्की प्रखण्ड के जगवन ग्राम में तपोनिष्ठ योगी श्रृंगी याज्ञवल्क्य जी का आश्रम है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त तपोनिष्ठ ऋषि के दर्शन एवं नमन करने हजारों की संख्या में पर्यटक आते है; परन्तु पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधा के आभाव में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है;

3. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कब तक उक्त आश्रम को पर्यटन स्थल का दर्जा देते हुए उक्त स्थल का समुचित विकास कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

**प्रतिनियुक्ति करना।**

*1939 **विनय कुमार** (225) (**गुरुआ**)**:**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है की गया जिलान्तगर्त गुरारू प्रखण्ड के स्वास्थ्य में उपकेन्द्र कनौसी तथा

परैया प्रखण्ड उपकेन्द्र खुशडीहरों नवनिर्मित भवन का निर्माण पूर्ण हो कर विभाग को हस्तगत करा दिया गया है।

2. क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मी के अभाव के कारण में बंद पड़ा है जिससे ग्रामीणों को ईलाज हेतु प्रखण्ड मुख्यालय के स्वास्थ्य केन्द्रों में 10 किलो दुरी तय कर जाना पड़ता है।

3. यदि उपर्युक्त खण्ड के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बंद स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सक एवं अन्य कर्मी की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## स्थाई पोल लगवाना।

*1940 **दिलीप राय (26) (सुरसंड):**

**ऊर्जा :-**

क्यामंत्री , उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के बरहेता पंचायत के वार्ड संख्या-08 तथा 10 के पासवान टोला विष्णुपुर में बिजली का पोल अभी तक नहीं हैऋ

2. क्या यह बात सही है कि लोग आज भी बिजली की आपूर्ति हेतु तार बॉस-बल्ला के सहारे अपने घर तक ले जा रहे हैं, जिससे आमजन तथा उनके घर और माल मवेशी से साथ बड़ी घटना होने की आशंका बनी रहती हैऋ

3. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कबतक उक्त गॉव के संबंध्ति वार्डों में स्थायी पोल लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## समस्या का समाधान करना।

*1941 **वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (09) (सिकटा):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री उर्जा विभाग यह बतलानेकी कृपा करेंगे कि

1.क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला आन्तर्गत सिकटा प्रखंड के सिरिसीया, जग्रनाथपुर, सरगटिया, जैसे गांवों के सैकड़ों महादलित मुशहर जाति से आने वाले परिवारों का बिजली कनेक्शन बिजली बिल चुकता नही कर पाने के कारण काट

दिया गया है, जिससे वे अंधेरे में रहने के लिए अभिशप्त है।

2.क्या यह बात सही है कि झारखंड राज्य की तरह गरीबों को 200 यूनिट बिजली निःशुल्क नही रहने के चलते सिरिसिया मुशहर टोली के समान पुरे बिहार में लाखों परिवारों का बिजली कनेक्शन काटा जाता है

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार बिहार में सिरिसियां जग्रनाथपुर जैसे गांवों के महादलित परिवारों के घरों को बिजली कट की समस्या का समाधान करने का विचार रखती है, हां तो कब तक नही तो क्यो?

----

**प्राबधान करना।**

*1942 **प्रहलाद यादव** (167) (**सूर्यगढ़ा** ):

**योजना एवं विकास** :-

क्या मंत्री योजना एवं विकास विभाग यह बतलाने का सही करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही हैं कि मुख्य मंत्राी क्षेत्राीय विकास योजना से छोटी-छोटी पुलिया का निर्माण का प्राबधान नहीं ,

2. क्या यह बात सही हैं कि कही-कही गली या सड़क में पुलिया का जरूरत पड़ता है, और पूर्व में पुलिया का प्राबधान था,

3. यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर सही है तो सरकार उक्त योजना मे पुनः पुलिया निर्माण का प्राबधान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक?

----

**निर्माण कार्य कराना।**

*1943 **उमाकांत सिंह** (07) (**चनपटिया**):

**स्वास्थ्य** :-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:—

1. क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला के मझौलिया प्रखंड में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिसवा का चाहरदीवारी नहीं होने से अराजक तत्वों एवं पशुओं का आना-जाना लगा रहता है एवं भवन जर्जर अवस्था में है;

2. क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिसवा में एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं होने से आस-पास के एक दर्जन पंचायतों के लाखों लोगों को कठिनाई होती है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कब तक उक्त अतिरिक्त

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराने और एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउंड की ब्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## भवन निर्माण कराना।

*1944 **अख्तरूल इस्लाम शाहीन** (133) (**समस्तीपुर** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:

1. क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छतौना, समस्तीपुर, स्वास्थ्य उप केंद्र के एक भवन में संचालित है जबकि भवन निर्माण हेतु 32 डिसमिल जमीन उपलब्ध है;

2. क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास अपना भवन नहीं रहने के कारण गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रहा है जिसका प्रतिकूल प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, छतौना, समस्तीपुर के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कब तक, नहीं, तो क्यों?

----

## नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करना।

*1945 **संदीप सौरभ** (190) (**पालीगंज** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:

1. क्या यह सही है कि अनुमंडल अस्पताल पालीगंज में शल्यकक्ष सहायक, ड्रेसर, एक्स-रे तकनीशियन, लैब तकनीशियन, ऑप्थैल्मिक असिस्टेंट एवं स्वच्छता निरीक्षक सहित कुल 16 पारा मेडिकल पद स्वीकृत हैं, जिनमें 15 रिक्त हैं, और मात्र 1 कर्मी पदस्थापित है;

2. क्या यह बात सही है कि पटना जिले के विभिन्न अस्पतालों में इसी तरह से पारा मेडिकल के कुल 278 स्वीकृत पदों में से 209 पद रिक्त हैं;

3. क्या यह बात सही है कि रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु BTSC को अधियाचना भेजी गई थी, लेकिन अब तक न तो नियुक्ति हुई और न ही विज्ञापन प्रकाशित हुआ;

4. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पदों पर नियुक्ति

प्रक्रिया कब तक पूरी कराने  का विचार रखती है; नहीं, तो क्यों;

----

## ट्रांसफार्मर लगवाना।

***1946 संतोष कुमार मिश्र (209) (करगहर):**

**ऊर्जा** क्या मंत्री, ऊर्जा  विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के करगहर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विशोपुर गाँव में लगभग 150 घर की आबादी वाली बस्ती है जिसमें पहले से एक ट्रांसफार्मर गाँव के पश्चिमी भाग  में लगा है, जो कि काफी पूराना है तथा  हमेशा वोल्टेज की समस्या  एवं ख़राब रहने के कारण एक बड़ी आबादी प्रभावित है यदि हाँ तो   सरकार कब तक  उक्त गाँव के पुरब में  पर्याप्त क्षमता का  ट्रांसफार्मर लगाने का विचार रखती है, तक नहीं तो क्यों?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करना।

***1947 बिजय सिंह (68) (बरारी):**

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत बरारी प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के 12 पंचायतों के नजदीक सेमापुर में एक भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण मरीजों को 20 कि0मी0 की दूरी तय कर कटिहार  स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में जाना पड़ता है जिस  कारण मरीजों को काफी कठिनाई होती है यदि हाँ  तो सरकार  कबतक सेमापुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कराने का विचार रखती है, तो नहीं तो क्यों?

----

## उत्क्रमित करना।

***1948 समीर कुमार महासेठ (36) (मधुबनी):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री,स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:

1. क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलांतर्गत बाबूबरही विधान सभा क्षेत्र के  अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,बड़हरा चार पंचायत के एक लाख से अधिक लोगों को आच्छादित करता है;

2. क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,बड़हरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उत्क्रमित होने की सभी अर्हताओं को पूरा करता है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार अतिरिक्त स्वास्थ्य

केन्द्र,बड़हरा को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में कब तक उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## चिकित्सकों का पदस्थापन कराना।

*1949 **जय प्रकाश यादव** (46) (**नरपतगंज**):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि अररिया सदर अस्पताल में चिकित्सकों की कमी रहने के बावजूद चार चिकित्सक हायर एजुकेशन हेतु अवकाश पर बाहर जाने के कारण रोगियों के ईलाज हेतु चिकित्सकों की कमी हो गई है;

2. क्या यह बात सही है कि अररिया सदर अस्पताल में फिजिशियन, ऑर्थो, गायनो एवं ई एण्ड टी के विशेषज्ञ डॉक्टर के प्रतिनियुक्त नहीं रहने से जिला वासियों को इलाज कराने हेतु बाहर जाना पड़ता है एवं रोगियों के जान बचाने हेतु तत्क्षण पूर्णियाँ से चिकित्सक को बुलाना पड़ता है ;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार अररिया सदर अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर सहित सभी रिक्त पदों पर चिकित्सक नियुक्त करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं, तो क्यों ?

----

## जी0एन0एम0/पफार्मासिस्ट की प्रतिनियुक्ति करना।

*1950 **विश्व नाथ राम** (202) (**राजपुर** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री , स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के राजपुर प्रखण्ड के राजपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है, जिसमें डॉक्टर, जी0एन0एम0/फार्मासिस्ट की कमी है, यदि हाँ तो सरकार कब तक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राजपुर में डॉक्टर, जी0एन0एम0/फार्मासिस्ट की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## ट्रांसफार्मर लगवाना।

*1951 **अजय यादव** (233) (**अतरी**):

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखण्ड नीमचक वथानी के ग्राम पंचायत वथानी में ग्राम वथानी एवं ग्राम- चौसन्डी में अत्यधिक विधुत भार के कारण ग्रामीणों को वोल्टेज पूर्ण रूप से नहीं मिल पा रहा है, जिससे कृषि कार्य में किसानो को काफी परेशानी होती है यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त ग्रामो में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने का विचार रखती है नहीं तो क्यों?

----

## ट्रांसफर्मर लगाना

***1952 अचमित ऋषिदेव** (47) **(रानीगंज, अररिया):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत बेलसरा के वार्ड नं0-09 के गोट यादव टोला से ट्रांसफर्मर दूर रहने और उस पर अधिक लोड रहने के कारण वहाँ बराबर बिजली बाधित रहती है; यदि हाँ, तो सरकार उक्त टोला में एक अतिरिक्त ट्रांसफर्मर लगाकर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का विचार रखती है; नहीं, तो क्यों ?

----

## अनुदान राशि दिलाना।

***1953 विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह** (221) **(नबीनगर ):**

**आपदा प्रबंधन :-**

क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

1. क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के बारूण अंचल अन्तर्गत ग्राम तेलडीहा थाना जम्होर, निवासी अजय सिंह की मृत्यु सांप के काटने से दिनांक 21.10.2022 को हो गयी थी;

2. क्या यह बात सही है कि अंचल पदाधिकारी बारूण के आदेश पत्रक 17/2024-25 दिनांक-30.11.2024 द्वारा मृतक के आश्रित को 4 लाख रूपये का अनुदान की राशि देने की अनुशंसा की गयी थी जो अभी तक नहीं मिला है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कबतक उपरोक्त मृतक के आक्तित को अनुग्रह अनुदान राशि दिलाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सौन्दर्यीकरण कर पर्यटक क्षेत्र बनाने हेतु

***1954 प्रफुल्ल कुमार मांझी** (240) (**सिकंदरा** ):

**पर्यटन** क्या मंत्राी, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सिकन्दरा विधान सभा के प्रखण्ड खैरा के आदिवासी गाँवों, जैसे-सकदरी, हरनी टिटहिया, नँगड़ी टांड़ आदि के नजदीक पहाड़ से एक झरना से सालो भर अनवरत रूप से पानी प्रवाहित होता रहता है,यहाँ पर काफी दूर-दराज से लोग आकर झरना में स्नान करते हैं, पिकनिक मनाते हैं और पहाड़ों की प्राकृतिक सौन्दर्य का आनन्द उठाते हैं किन्तु यहाँ पर पर्यटकीये सुविधा तथा सौन्दर्यीकरण का आभाव है, यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त स्थल का सौन्दर्यीकरण कर पर्यटक क्षेत्र बनाने का विचार रखती है, नहीं तो

----

**घेराबन्दी कराना**।

***1955 रामविलास कामत** (42) (**निर्मली** ):

**स्वास्थ्य** :-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला अन्तर्गत पिपरा का प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरा में घेराबन्दी नही रहने के कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा एवं पशुओं का आना-जाना लगा रहता है जिसके फलस्वरूप उक्त स्वास्थ्य केन्द्र ईलाज कराने आये मरीजों के अलावे पदस्थापित चिकित्सकगण एवं कर्मीगण को सुरक्षा के दृष्कोणि से काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ तो सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की घेराबन्दी कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नही, तो क्यों ?

----

**सौदर्यीकरण करना**।

***1956 छत्रपति यादव** (149) (**खगड़िया**):

**पर्यटन** :-

क्या मंत्री , पर्यटन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अंतर्गत खगड़िया प्रखण्ड में स्थित सन्हौली मोईन एतिहासिक एवं 125 वर्ष पुराना है जो जर्जर व जीर्ण शीर्ष हो चूका है तथा जो कमला नदी के नाम से जाना जाता है;

2 . यदि उपर्युक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार सन्हौली मोईन को जीर्णोद्धर एवं सौदर्यीकरण कर पर्यटक स्थल में विकसित करने का विचार रखती है, हॉ तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## प्रोन्नति का लाभ देना।

*1957 **सुर्यकान्त पासवान** (147) (**बखरी**):

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-क्या यह बात सही है कि राज्य में मेडिकल कॉलेज, सदर अस्पताल एवं रेफरल अस्पताल में कार्यरत शल्य कक्ष सहायक का पद सृजित नहीं होने के कारण प्रोन्नति का लाभ नहीं दिया जाता है, जबकि इसके समकक्ष समान वेतन पाने वाले फार्मासिस्ट को प्रोन्नति का लाभ मिलता है, यदि हॉ तो सरकार फार्मासिस्ट के अनुरूप शल्य कक्ष सहायक का पद सृजित कर प्रोन्न्ति का लाभ देने का विचार रखती है? यदि हाँ तो कब तक, नही तो क्यों?

----

## चाहरदिवारी का निर्माण

*1958 **विशाल प्रशांत** (196) (**तरारी** ):

**स्वास्थ्य** :-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तरारी एवं सहार में चाहरदिवारी का निर्माण नहीं होने के कारण उक्त स्वास्थ्य केन्द्रो के आहाते में असामाजिक तत्व एवं जानवर आदि के बसेरा हो जाने के कारण मरीजों एवं स्वास्थ्यकर्मी को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है; यदि हॉ तो क्या सरकार कब तक उक्त अस्पतालों में कबतक चाहरदिवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है? नही तो क्यों?

----

## चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति के सम्बन्ध में।

*1959 **विजय शंकर दूबे** (112) (**महाराजगंज, सीवान**):

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि सिवान जिला अस्पताल में एनेशिथयथिया विशेषज्ञ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ तथा न्यरों सर्जन चिकित्सक नहीं होने के कारण रोगियों का ईलाज सही ढंग से नहीं हो पा रहा है यदि हॉ तो सरकार सिवान जिला अस्पताल में उक्त चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति कब तक करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## पी0एस0एस0 का स्थापना करना।

*1960 **मनोरमा देवी** (232) (**बेलागंज** ):

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है किगया जिला अंतर्गत बेलागंज प्रखंड के बेल्हरिया पंचायत सहित आस-पास के तीन-पांचयतों में विद्युत शत्ति उप केंद्र रहने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त पंचायतों में निर्वाध् विद्युत आपूर्ति हेतु बेल्हरिया में एक विद्युत शर्त्तिफ उप केंद्र; [पी0एस0एस0] का स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना

*1961 **अजीत शर्मा** (156) (**भागलपुर** )ः

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री,स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः

क्या यह बात सही है कि इंदिरा गांधी ह्रदय रोग संस्थान,पटना में कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, सीटी एंजियोग्राफी एवं पेसमेकर लगाने की निःशुल्क व्यवस्था आयुष्मान भारत योजना एवं मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान के तहत उपलब्ध है परंतु इन दोनों योजनाओं से जो गरीब आच्छादित नहीं हैं उन्हें इसके लिये शुल्क देना पड़ता है, यदि हां तो क्या सरकार इंदिरा गांधी ह्रदय रोग संस्थान,पटना में भर्त्ती होनेवाले सभी मरीजों के लिये कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, सीटी एंजियोग्राफी एवं पेसमेकर लगाने की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## पर्यटक स्थल को विकसित करने हेतु।

*1962 **संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी** (200) (**बक्सर** )ः

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे की

1. क्या यह बात सही है की बक्सर प्राचीन, धार्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक नगरी है, यहाँ पर प्रत्येक वर्ष पंचकोशी परिक्रमा पुरातन काल से होते आ रहा है जिसमे लाखो श्रद्धालु एवं पर्यटक भाग लेते है!

2. क्या यह बात सही है कि पंचकोशी परिक्रमा स्थलों अहिरौली, छोटका नुँआंव, भभुअर, नदांव एवं चरित्रवन बक्सर वर्तमान में पर्यटकीय दृष्टिकोण से विकास से वंचित है!

3. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार उपरोक्त सभी स्थलो को आपस में जोड़ते हुए उन स्थलों को विकसित करने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति करना

***1963 कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह** (109) (**दारौंदा**):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत दरौदा प्रखंड के बगौरा अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन तथा स्थायी डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति नहीं होने से मरीजों को काफी दिक्कते होती है; यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्वास्थ्य केन्द्र का भवन का निर्माण कराकर स्थायी डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## अधिष्ठापन करना।

***1964 भाई वीरेन्द्र** (187) (**मनेर** ):

**स्वास्थ्य** क्या मंत्री , स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है, कि पटना शहर स्थित लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल राजवंशी नगर में ई0 सी0 जी0 और आधुनिक एक्स रे मशीन का अध्ष्ठापिन नहीं रहने से गरीब मरीजों को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित अस्पताल में उक्त मशीनों को अधिष्ठापन करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पदस्थापन करना।

***1965 अजय कुमार** (138) (**बिभूतिपुर** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के सदर अस्पताल समस्तीपुर में विभिन्न पदों पर स्वीकृत चिकित्सक/टेक्निशियन पदों में मेडिसीन चिकित्सक के स्वीकृत 04 के विरुद्ध 01, शल्य चिकित्सक के 03 के विरुद्ध 01, रेडियोलॉजी के 5 के विरुद्ध 01, माइक्रोबाईलॉजिस्ट के 01 के विरुद्ध 0, हड्डी रोग विशेषज्ञ के 01 के विरुद्ध 0, जी. एन. एम. के 200 स्वीकृत पद के विरुद्ध 72 एवं चिकित्सा पदाधिकारी के 24 पद के विरुद्ध 15 कार्यरत हैं, जिससे मरीजों को असुविधा होती है;
2. यदि उपर्युक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक उक्त रिक्त पदों पर पदस्थापन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## रोप-वे का निर्माण।

***1966 अरूण सिंह (213) (काराकाट):**

**पर्यटन :-**

क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम के समीप माँ ताराचण्डी पीठ, कैमूर पहाड़ी (रोहतास) पर प्रसद्धि धुआँ कुण्ड एवं पिकनीक स्पॉट आदि स्थापित है ;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल में अधिक संख्या में लोगों का एक मात्र कच्ची रास्ते से होकर आना-जाना लगा रहता है, जिससे अप्रिय घटना की संभावना बनी रहती है एवं कठिनाईयों का सामना भी करना पड़ता है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार माँ ताराचण्डी पीठ से धुआँ कुण्ड तक रोप-वे का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराना।

***1967 श्यामबाबू प्रसाद यादव (17) (पिपरा, पूर्वी चंपारण):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे की

1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के तेतरिया प्रखंड अंतर्गत पुनास लहलादपुर पंचायत के वार्ड नंबर 13 में स्वास्थ्य केंद्र निर्माण हेतु ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति से प्रस्ताव पारित कर एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी तेतरिया के पत्रांक 101 दिनांक 27 जनवरी 2023 द्वारा से सिविल सर्जन मोतिहारी को पत्र भेजा जा चुका है लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई है;

2. यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त वर्णित स्थल पर स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कराने का विचार रखती है ,तो क्यों?

----

## नया पवार ग्रिड स्टेशन का निर्माण

***1968 ज्योति देवी (228) (बाराचट्टी ):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री ,ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत प्रखंड-मोहनपुर में 18 ग्राम पंचायत है, किन्तु पावर ग्रीड के अभाव में यहाँ के किसानों एवं उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना

करना पड़ता है यदि हाँ तो सरकार प्रखण्ड मुख्यालय – मोहनपुर के पश्चिम दिशा में ग्राम – पंचायत- डेमा के आस-पास एक नया पावर ग्रीड स्टेशन निर्माण कराने का विचार रखती है ? यदि हाँ , तो कब-तक ,नहीं,तो क्यों?

----

**इलाज करना।**

*1969 **शालिनी मिश्रा** (15) (**केसरिया**):

**स्वास्थ्य :-**

स्थानीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक- 11 जनवरी, 2025 को प्रकाशित शीर्षक "बिहार में 5 वर्षों तक के 8.8 प्रतिशत बच्चे अतिकुपोषित मात्र 1.1 प्रतिशत का हो रहा ईलाज" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि राज्य में 5 वर्षों तक की उम्र के कुल बच्चों में से 8.8 फीसदी सीवियर एक्यूट मॉलन्यूट्रिशन (अतिकुपोषण) के शिकार हैं, लेकिन महज 1.1 फीसदी बच्चों का ही इलाज पोषण पुनर्वास केन्द्रों में हो रहा है;

2. क्या यह बात सही है कि राज्य में 41 पोषण पुनर्वास केन्द्र है, जिसकी क्षमता 18 हजार 960 बच्चों के ईलाज की है, लेकिन लापरवाही के कारण कुल कुपोषित बच्चों में से महज 1.1 फीसदी का ही ईलाज हो रहा है

3. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक अतिकुपोषित बच्चों को पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती कर इलाज कराने का विचार रखती है ?

----

**आयुष्मान कार्ड से ईलाज शुरू करना**

*1970 **अरूण शंकर प्रसाद** (33) (**खजौली**):

**स्वास्थ्य :-**

स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक-01.12.2024 को प्रकाशित शीर्षक ''आयुष्मान कार्ड से 792 अस्पतालों में ईलाज रूका" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि राज्य के आयुष्मान डिजिटल मिशन योजना के तहत् अस्पतालों का सत्यापन नहीं होने से 33 जिलों के 792 निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों का ईलाज बंद है;

2. क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राज्य में 116 सरकारी स्वास्थ्य संस्थान, 45 पीपीपी मोड में चलने वाले संस्थान तथा 792 निजी स्वास्थ्य संस्थानों का

सत्यापन नहीं किया गया है जबकि राज्य स्वास्थ्य विभाग ने 5 सितम्बर 2024 को ही सभी अस्पतालों का सत्यापन करने का निर्देश दिया था परन्तु अधिकारियों के लापरवाही के कारण उक्त अस्पतालों का सत्यापन नहीं किया गया है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कबतक उक्त अस्पतालों को सत्यापन नहीं करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने तथा उक्त सभी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड से ईलाज शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

**मासिक भुगतान करना।**

*1971 **प्रणव कुमार** (165) (**मुंगेर** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है की स्वास्थ्य विभाग में नियुक्त कई ममता दीदी अपने कर्तव्यों को ईमानदारी पूर्वक निभा रही हैं, लेकिन सरकार के द्वारा लगभग 10 महीनों से मासिक भुगतान नहीं करने से उनकी जिंदगी बदहाल हो गई है, यदि हाँ तो सरकार कबतक ममता दीदी को बकाया मासिक भुगतान कर उनकी समस्या को दूर कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

**पावर सब स्टेशन चालू कराना।**

*1972 **राम सूरत कुमार** (89) ( **औराई**):

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्राी, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि मुजपफपफरपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड कटरा के यजुआर में पावर सब स्टेशन निर्माण की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है, के बावजूद कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं की गई है, यदि हॉ तो सरकार उक्त पावर सब स्टेशन कब तक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

**उप-स्वास्थ्य केन्द्रों निर्माण करना।**

*1973 **कुंदन कुमार** (146) (**बेगूसराय** ):

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बरौनी प्रखण्ड के नींगा पंचायत एवं वीरपुर प्रखण्ड के भवानंदपुर पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है;
2. क्या यह बात सही है कि विभाग के द्वारा उक्त पंचायतो में उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलने हेतु प्रस्तावित है परन्तु आजतक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से उक्त पंचायत के वासियों को ईलाज मे असुविधा का सामना करना पड़ता है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में प्रस्तावित उप-स्वास्थ्य केन्द्रों का यथाशीघ्र निर्माण प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हॉ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

----

## हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भवन का निर्माण।

***1974 पवन कुमार यादव (155) (कहलगांव ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगांव प्रखंड अंतर्गत भोलसर एवं प्रशस्तडीह पंचायत में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का अपना भवन नहीं है, जिससे ग्राम वासियों को स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर लाभ नहीं मिल रहा है,

2. क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों क्षेत्र में बिहार सरकार की पर्याप्त भूमि उपलब्ध है,

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त दोनों हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----